तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 27.7 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024

## माइनिंग घोटाले में इनके खिलाफ चालान



माइनिंग घोटाला मामले में जिन 15 लोगों के खिलाफ चालान पेश किया गया है, उनमें राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया के साथ ही निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई खनिज विभाग के निलंबित अफसर शिवशंकर नाग, संदीप कुमार नायक के साथ ही सूर्यकांत तिवारी, निखिल चंद्राकर, लक्ष्मीकांत तिवारी, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, पारेख कुर्रे, राहुल सिंह, रोशन कुमार सिंह तथा वीरेन्द्र जायसवाल का नाम शामिल है।



# माइनिंग और महादेव सट्टा मामले में कोर्ट में 16000 पन्नों का चालान पेश, दोनों केस में 29 आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

माइनिंग घोटाला तथा महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू ने शुक्रवार को ईओडब्लू की विशेष अदालत में चालान पेश किया। महादेव सट्टा एप को लेकर जांच एजेंसी ने छह हजार तथा माइनिंग घोटाला मामले में 10 हजार पन्नों का कोर्ट में चालान पेश किया है। गौरतलब है कि जांच एजेंसी गुरुवार को कोर्ट में चालान पेश करने वाली थी, लेकिन तकनीकी कारणों से जांच एजेंसी ने दूसरे दिन चालान पेश किया है।

गौरतलब है कि चालान पेश करने के पूर्व बचाव पक्ष तथा जांच एजेंसी के वकील के बीच कोर्ट में लंबी बहस हुई। उसके बाद चालान पेश किया गया। बचाव पक्ष के वकील ने अपने पक्षकार ▶▶|शेष पेज 11 पर

### महादेव सट्टा एप में 14 तथा माइनिंग घोटाला मामले में बनाए गए हैं 15 आरोपी

- तकनीकी कारणों से जांच एजेंसी ने दूसरे दिन पेश किया चालान
- बचाव पक्ष तथा जांच एजेंसी के वकील के बीच कोर्ट में हुई लंबी बहस



### बचाव पक्ष के वकील को नहीं मिली चालान की कॉपी

कोर्ट में चालान पेश करते समय चालान की कॉपी नहीं मिलने पर बचाव पक्ष के वकीलों ने आपत्ति दर्ज की। गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप तथा माइनिंग घोटाला को लेकर ईओडब्लू के वकील ने केवल कोर्ट में चालान पेश किया है। ईओडब्लू ने बचाव पक्ष के वकील को सोमवार अथवा मंगलवार को चालान की कॉपी देने की बात कही है।

### महादेव सट्टा एप मामले में चार फरार

महादेव सट्टा एप मामले में सट्टा के प्रमोटर्स तथा संचालक सतीश चन्द्राकर, सौरभ चन्द्राकर, रवि उप्पल एवं शुभम सोनी अब तक फरार हैं। फरार आरोपियों सहित कुल 14 लोगों के खिलाफ जांच एजेंसी ने कोर्ट में चालान पेश किया है। जिन लोगों के खिलाफ चालान पेश किया गया है, उनमें फरार चार आरोपी के अलावा रितेश कुमार यादव, राहुल वक्टे, चन्द्रभूषण वर्मा, सुनील कुमार दम्मानी, भीम सिंह यादव, अमित कुमार अग्रवाल, अर्जुन सिंह यादव, नीतिश दीवान, सतीश चंद्राकर तथा किशनलाल वर्मा के नाम शामिल हैं।

---

*भाठागांव के लोगों ने कब्जे के विरोध में एक दिन बंद किया बाजार गरमाया रहा माहौल*

# चारागाह की 63 एकड़ जमीन में गोलमाल, भाठागांव लामबंद, चमाचम बंद रहा बाजार, जांच का भरोसा







हरिभूमि न्यूजःरायपुर

राजधानी रायपुर में शासकीय भूमि का फर्जीवाड़ा कर कब्जा करने का बड़ा मामला सामने आया है। भाठागांव में किसानों के नाम पर दर्ज करीब 63 एकड़ चारागाह की भूमि एक भू-माफिया ने कब्जा कर लिया है। बताया जा रहा है कि भू-माफिया ने जिन किसानों के नाम पर भूमि दर्ज थी, उनसे सौदा तय कर अपने नाम पर पावर ऑफ अटॉर्नी ले लिया है और अब इस भूमि पर अपने नाम का बोर्ड लगाकर भूमि पर कब्जा कर लिया है। इधर इसकी खबर जैसे ही गांव में फैली, सभी इस सौदे और कब्जा के विरोध में उतर आए। गांव वालों का कहना है कि चारागाह की भूमि 173 लोगों के नाम पर दर्ज थी। इनमें चार किसानों ने बाद में राजस्व अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर पूरी भूमि को अपने नाम पर दर्ज करा लिया है, जिसका सौदा भू-माफिया से किया है। गांव वालों का यह भी कहना है कि इस भूमि पर कॉलेज भवन का निर्माण होना था, जिसके लिए करीब 6 वर्ष पूर्व बजट का प्रावधान भी किया गया था।

### कब्जा के विरोध में बंद रहा भाठागांव

कब्जा के विरोध में शुक्रवार को पूरा भाठागांव बंद रहा। गांव में निवासरत साहू समाज, सतनामी समाज, यादव समाज, ध्रुव समाज सहित अन्य समाज के अध्यक्ष व प्रमुख लोगों के बीच कुछ दिन पूर्व चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बैठक हुई थी, जिसमें 19 जुलाई को भाठागांव के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का निर्णय लिया था। इस निर्णय की जानकारी गांव के एक-एक घर व दुकान में जाकर दी गई थी। इस निर्णय का सभी लोगों ने समर्थन भी किया। इस निर्णय के तहत सब्जी बाजार से लेकर अन्य सारी दुकानें बंद रहीं। हालांकि बंद से जरूरी सेवाओं को मुक्त रखा गया था, जिससे मेडिकल दुकान, पेट्रोल पंप, अस्पताल खुले रहे।

### यह है पूरा मामला

गांव के विभिन्न जाति समाज प्रमुखों में रवि सोनकर, स्वामीदास साहू, दुकलहा धृतलहरे, संतोष यादव, संतोष नेताम ने बातचीत में बताया कि भाठागांव में 63 एकड़ चारागाह भूमि 173 किसानों के नाम पर दर्ज थी। रजिस्ट्री दस्तावेज में सबसे ऊपर रामानुज अग्रवाल, सरोज सोनकर, प्रेमलाल साहू एवं हेमंत ध्रुव के परिवार के नाम थे, जबकि अन्य किसानों के नाम नीचे अंकित थे। समाज प्रमुखों ने बताया कि जानकारी मिली है कि यह भूमि अब सिर्फ चार किसानों के नाम पर दर्ज है। यह भूमि उनकी है, इसके लिए चारों किसानों ने पहले हाईकोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में दावा किया है। इधर चारों किसानों ने चारागाह की पूरी जमीन का सौदा भी कर दिया है। जिसके साथ सौदा हुआ है, उसके नाम चारों किसानों ने भूमि का पावर ऑफ अटार्नी भी दे दिया है।

### सामूहिक बैठक में हजारों की संख्या में शामिल हुए ग्रामीण

भाठागांव बंद के दौरान गांव में सामूहिक बैठक रखी गई थी। यह बैठक पुराना जोन कार्यालय के पास शिवमंदिर में हुई। इस बैठक में गांव में निवासरत सभी समाज के प्रमुख लोगों सहित हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाओं के साथ बच्चे तक पहुंचे थे। सार्वजनिक रूप से बैठक होने के कारण पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।

### तहसीलदार के आश्वासन के बाद खत्म की बैठक

इस बैठक में गांव वालों के बीच एक राय बनी थी कि चारागाह की भूमि को भू-माफिया से मुक्त कराना है। बैठक की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन की ओर से यहां तहसीलदार पहुंचे, जिन्होंने गांव वालों को आश्वस्त किया कि इस मामले की जांच की जाएगी और जिन किसान परिवारों के नाम चारागाह के रिकार्ड में पहले दर्ज थे, उन सभी परिवारों के नाम पुनः दर्ज किए जाएंगे। बैठक सुबह 11 से शाम 4.30 बजे तक चली, जो तहसीलदार के आश्वासन के बाद खत्म हुई।

### तहसील में चल रहा मामला

63 एकड़ चारागाह की भूमि चार किसानों के नाम पर दर्ज है। इस संबंध में तहसील कार्यालय में प्रकरण चल रहा है। यह दो साल पुराना प्रकरण है। इस संबंध में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक मामला जा चुका है। तहसील से प्रकरण पर फैसला आने तक भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण संबंधी काम पर रोक लगाई गई है। कब्जा करने वाला व्यक्ति भूमि के मुख्य मार्ग पर गेट लगाकर मुरुम रोड का निर्माण कर समतल करा रहा था, जिस पर रोक लगाई गई है। - **प्रवीण परमार,** तहसीलदार रायपुर

### अरबों की भूमि का कौड़ियों के दाम सौदा

63 एकड़ चारागाह की भूमि मुख्य सड़क से लगी हुई है, जो स्वामी आत्मानंद बिन्नी बाई सोनकर स्कूल के पीछे है। इस क्षेत्र में प्रति एकड़ भूमि की कीमत 5 से 6 करोड़ बतायी जा रही है। इस तरह 63 एकड़ भूमि की कुल कीमत 315 करोड़ रुपए आंकी जा रही है, जबकि किसानों से इस भूमि का करीब 4 करोड़ में सौदा करने की खबर है। गांव के लोगों का आरोप है कि सौदे की राशि किसानों को मिल चुकी है, इसलिए वे सभी सौदे को कैंसिल कराना नहीं चाह रहे हैं।

### चारागाह की भूमि पर ही बना है शासकीय स्कूल

ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह की भूमि पहले 67 एकड़ थी। इसमें से 4 एकड़ में शासकीय स्कूल बनाया गया है, जबकि 63 एकड़ में एक कॉलेज का निर्माण होना था, जिसके लिए भाजपा शासनकाल में 4 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत की गई थी, लेकिन पूर्व कांग्रेस सरकार में स्वीकृति को निरस्त कर दिया गया।

### अरबों के खेल में जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत की भी आशंका

ग्रामीणों ने अरबों की भूमि को कोड़ियों के दाम बेचने का प्रयास करने के खेल में कई जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की भी आशंका व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि भूमि को 173 की जगह 4 किसानों के नाम पर करने से लेकर भू-माफिया से सौदा कराने तथा उसे पावर ऑफ अटार्नी देने के खेल में कुछ जनप्रतिनिधि भी मिले हुए हैं, जिनकी सह पर यह पूरा काम हुआ है, इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए।

---

## खबर संक्षेप

### हमलावर पिटबुल डॉग का मालिक गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह पार्सल छोड़ने आए ऑटो चालक पर प्रतिबंधित पिटबुल डॉग के हमला मामले में पुलिस ने डॉग मालिक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि प्रतिबंधित डॉग ने ऑटो चालक सलमान खान को बहुत बुरी तरह से काटा था, जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। ऑटो चालक ने एक कार के बोनट में चढ़कर अपनी जान बचाई थी। पुलिस के मुताबिक सलमान खान की शिकायत पर अनुपम नगर निवासी डॉक्टर अक्षय रॉय को गिरफ्तार किया गया है। सलमान खान 12 जुलाई को सामान छोड़ने के लिए डॉक्टर रॉय के घर गया था, तब डॉक्टर के यहां का दो पालतू पिटबुल डॉग ने हमला किया था। कुत्तों के हमले से बुरी तरह से घायल सलमान मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन लोग कुत्ते की दहशत में सलमान को बचाने नहीं पहुंच पाए। सलमान ने पास खड़ी कार के बोनट पर चढ़कर अपनी जान बचाई। ऑटो चालक पर डॉग ने जब हमला किया, तो उस समय डॉक्टर की पत्नी अपने घर की बालकनी से सब देख रही थी। डॉक्टर की पत्नी ने अपने पालतू डॉग को बालकनी की छत से रोकने की नाकाम कोशिश की।



# तात्यापारा सड़कः राज्यपाल करेंगे सरकार से बातचीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर सहित एमआईसी सदस्यों ने शुक्रवार को राजभवन जाकर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। महापौर व एमआईसी सदस्यों ने राज्यपाल से तत्यापारा से शारदा चौक तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट जल्द शुरू कराने की मांग की है।

एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट को कांग्रेस शासनकाल में मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए 137 करोड़ का बजट का भी प्रावधान किया गया है, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस प्रोजेक्ट पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है, जबकि वर्तमान में यह प्रोजेक्ट लोक निर्माण विभाग के पास है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के जरिए हमने राज्यपाल से मांग की है कि यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द शुरू होना चाहिए, क्योंकि इससे शहर की जनता को ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी। प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि दिया जाना है। इसके बाद ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो पाएगा। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने सदस्यों की बात ध्यान से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया है कि वे उनकी मांग को लेकर सरकार से बातचीत करेंगे।

- तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का अटका प्रोजेक्ट महापौर पहुंचे राजभवन

### ये रहे शामिल

ज्ञापन सौंपने के अवसर पर महापौर के साथ सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, रितेश त्रिपाठी, सहदेव व्यवहार, सुंदर जोगी, आकाश तिवारी, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावर एवं द्रौपदी हेमंत पटेल व अंजनी राधेश्याम विभार उपस्थित रहे।

---

### छह डिग्री अधिक हुआ दिन का तापमान, चिपचिपाहट बढ़ी

# उमस ने किया हलाकान, बादलों के जोरदार बरसने के बने हुए आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले दो दिन से बारिश नहीं होने की वजह से बढ़ी उमस ने लोगों हलाकान कर दिया है। शहर का तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक होने की वजह से वातावरण में चिपचिपाहट बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम और बादलों को देखते हुए मध्य इलाके सहित प्रदेश में भारी बारिश की उम्मीद बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मानसून की मेहरबानी अभी बीजापुर जिले में ही दिखाई पड़ रही है। पिछले चौबीस घंटे में वहां के भोपालपट्टनम में 250 मिमी. यानी अतिभारी बारिश दर्ज की गई है। शेष जिले अभी सामान्य अथवा कम वर्षा की परेशानी से जूझ रहे हैं। रायपुर जिले में बुधवार को दोपहर के वक्त थोड़ी बारिश हुई थी, इसके बाद से केवल बादल छा रहे हैं। पिछले दो दिन से राजधानी में बरसात ▶▶|शेष पेज 11 पर

### राजधानी के ऊपर मानसून द्रोणिका

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मानसून द्रोणिका शुक्रवार को माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, रायपुर, पुरी और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर अवदाब के केंद्र तक विस्तारित है। इसका प्रभाव बस्तर में अधिक रहा है। भोपालपट्नम के अलावा, जगदलपुर में 8, बास्तानार में 6, कोंटा एवं देवभोग में पांच सेमी. तक बारिश हुई है।

### कुछ इलाकों में दस मिनट तक बरसे

रात होने के बाद बादल राजधानी के कुछ इलाकों में हल्के रूप में बरसे। माना, कमल विहार, नवा रायपुर जैसे हिस्सों में दस मिनट तक हल्की बारिश हुई। वहीं शेष स्थानों पर इसका असर केवल बूंदाबांदी तक ही सीमित रह गया था।

---

# स्कूलों में आमंत्रित किए जाएंगे साधु-संत बताया जाएगा गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरु पूर्णिमा के मौके पर इस वर्ष विद्यालयों में साधु-संतों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर 21 जुलाई को अवकाश होने के कारण 22 जुलाई को यह आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुजनों और शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह भी रखे जाएंगे। यह कार्यक्रम एक दिवसीय होगा।

शासकीय के साथ-साथ निजी स्कूलों में भी आयोजन करने निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय और एससीईआरटी के संचालक, सभी जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को इस बाबत खत लिखा गया है। इसमें गुरु पूर्णिमा के मौके पर आयोजित होने वाले समारोह के संदर्भ में भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश, 22 को होगा आयोजन

- गुरुजनों एवं शिक्षकों के लिए रखा जाएगा सम्मान समारोह
- इस बाबत सभी जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को लिखा खत



### निबंध लिखेंगे सभी छात्र

स्कूलों में 22 जुलाई को निबंध प्रतियोगिता भी होगी। प्राचीनकाल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर छात्रों द्वारा निबंध लिखा जाएगा। प्राथमिक कक्षाओं से लेकर हायरसेकंडरी कक्षाओं तक निबंध का विषय समान ही होगा। इसके माध्यम से छात्र गुरुकुल व्यवस्था के संदर्भ में अपने विचार साझा करेंगे। शाला स्तर पर ही यह प्रतियोगिता होगी।

### साझा करेंगे संस्मण

स्कूलों में प्रार्थना के बाद सरस्वती पूजन और गुरु पूजन रखा जाएगा। शिक्षकों से कहा गया है कि वे प्रार्थना के बाद छात्रों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताएं और गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालें। शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने गुरुओं से जुड़े संस्मरण इस दौरान साझा किए जाएंगे। सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों तथा पूर्व छात्रों को भी बुलाने कहा है। यथासंभव आमजन को भी आमंत्रित करने निर्देश दिए गए हैं।

---

# जेल से छूटने पर छेड़खानी के आरोपी ने युवती के पिता को चाकू मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र की, केस वापस लेने दबाव बना रहा था*

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक बदमाश के खिलाफ केस वापस लेने दबाव बनाने उस पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चाकू से हमला करने वाला बदमाश पिछले सप्ताह ही जेल से जमानत पर छूटा है। घटना के बाद आरोपी फरार है। पुलिस आरोपी की पतासाजी करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक एक कालोनी में रहने वाले व्यक्ति ने खिर सिंधू नामक बदमाश के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। जिस व्यक्ति ने खिर सिंधू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, उस बदमाश ने उस व्यक्ति की बेटी के साथ छेड़खानी की थी, जिसकी शिकायत थाना में की गई। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल ▶▶|शेष पेज 11 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने विक्षिप्त महिला को भेजा भिक्षुक पुनर्वास केंद्र



**धरसींवा/साकरा ।** देशभक्ति जनसेवा में समर्पित पुलिस को यदि उचित समय पर जनता का सहयोग जनता से सूचनाएं मिलें तो किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है जैंसे की एक विक्षिप्त महिला को किसी अप्रिय घटना से पहले ही पुलिस ने भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र भेजकर मानव धर्म निभाया। जानकारी के मुताबिक बीते तीन दिनों से एक विक्षिप्त महिला धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास घूम रही थी कभी भी उसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती थी लेकिन गुरुवार को जैंसे ही धरसींवा पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो पुलिस टीम ने विक्षिप्त महिला को भोजन कराया और फिर उसे सुरक्षित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र रायपुर भेजा। यदि ऐंसे मामलों में पुलिस को क्षेत्र की जनता का समय रहते सकारात्मक सहयोग मिले सूचनाएं मिलती रहें तो किसी भी अप्रिय घटना के पहले पुलिस उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुचाकर अप्रिय बारदात को रोक सकती है यदि इस विक्षिप्त महिला को भी समय रहते न भेजते तो इस बात से इनकार नही किया जा सकता की कभी भी उसके साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती थी।

### जिला कांग्रेस ने गोठान शुरू करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के नेतृत्व में गोठान शुरू करने प्रदर्शन किया गया तथा ज्ञापन सौंपा गया। श्री वर्मा का कहना है कि पूरे प्रदेश में 90% धान की बोआई हो चुकी है, धान को 25 दिन से एक महीना हो गया है, धान के पौधे बड़े हो गए हैं। गांव में आवारा पशु खुले में छोड़ दिए गए हैं। गोठान बंद होने से व्यवस्था नहीं हो पा रही है। ये समस्या पूरे प्रदेश में है। फसल चरने से किसान खासे परेशान हैं। पूर्ववती कांग्रेस शासन में लगभग सभी गांव में गोठान बने हुए हैं, लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है, गोठान को बंद कर दिया गया है, जिससे गांव में मवेशी खुले में घूम रहे हैं और सड़क बाधित कर रहे हैं। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर से मिलकर समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस सचिव पप्पू राजेंद्र बंजारे, सुनीता साहू, दीपा साहू आदि शामिल रहे।

## निधन

### भोजा बाई वर्मा



**आरंग।** ग्राम टेकारी (कुंडा) निवासी 99 वर्षीया भोजाबाई वर्मा का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वह स्वर्गीय माधोप्रसाद वर्मा की पत्नी, आरंग बीआरसी मातलीनंदन वर्मा, पटवारी दुष्यंत वर्मा, विशाखा, विमला व कमला की माता थी। अंतिम संस्कार टेकारी स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

### पुनीतराम साहू

**आरंग।** ग्राम पारागांव निवासी पुनीतराम साहू (74 ) का बीते रविवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे दुग्धी बाई साहू के पति व रामानंद, परमानंद साहू के पिता थे।

# बरौदा की 25 एकड़ शासकीय भूमि को किया गया बेजाकब्जा से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा ( मांढर)

ग्राम बरौदा में 25 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण पर एक बार फिर बुलडोजर चल गया है। कई सालों से कब्जा जमाए बैठे भू माफियाओं पर प्रशासन सख्त हो गया है। धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण को हटाकर जमीन को मुक्त कराया गया। वहीं रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने बताया कि, 12 से 15 लोगों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया था। जिसके बाद कब्जा मुक्त हुए 25 एकड़ शासकीय भूमि पर वन विभाग ने वृक्षारोपण करने को कहा है। साथ ही उन्होंने कहां कि यह कार्रवाई लगातार आगे चलती रहेगी।

**वन विभाग से कथित शासकीय भूमि में पौधौरोपण की अपील**





**अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भेजा गया था:-** धरसींवा तहसील में आने वाली शासकीय भूमि और अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का लगातार बुलडोजर चलने के बाद कब्जाधारी और भूमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इधर, बरौदा में अतिक्रमणकारियों को शासकीय जमीन से कब्जा हटाने के लिए राजस्व विभाग ने नोटिस दिया था। लेकिन अतिक्रमणकारियों ने नोटिस का कुछ भी जवाब नहीं दिया था। जिसके बाद बुलडोजर चल दिया गया है।

**प्रशासनिक अमला रहा मौजूद :-** शासकीय भूमि में किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन का अमला मौके पर मौजूद रहा। जमीन को अतिक्रमण मुक्त की कार्रवाई के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए विधानसभा पुलिस के साथ राजस्व विभाग से पटवारी, कोटवार मौके पर मौजूद रहे।

**मंदिर : सावन सोमवारी पूजा के लिए किया जा रहा है भव्य प्रबंध**

# चरौदा के ऐतिहासिक शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण पूरा, सावन सोमवार को सजा बाबाजी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राजधानी रायपुर से 20 किलो मीटर पर बसे ग्राम चरौदा में ऐतिहासिक शिव मंदिर है जिसकी महिमा अपरंपार है जहां सावन माह से पहले ही भक्तों ने मंदिर में पहुच कर भोलेबाबा की दरबार सजा रहे है। शुक्रवार को पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल के पुत्र श्री नितिन अग्रवाल शिव मंदिर पहुच कर एक बड़ा ईनवाईटर मन्दिर समिति को भेंट किये और भोलेबाबा का आशीर्वाद लिए इस अवसर पर मन्दिर समिति के सदस्यों ने दानदाता का स्वागत सम्मान किये। ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से लगे ऐतिहासिक शिव मन्दिर की नई दरबार अब पूर्ण हो रहा है और सावन के पहले ही भक्तों ने दरबार सजावट की शुरुवात कर दिए है। बता दे कि चरौदा के मुख्य मार्ग पर स्थित चरोदा शिव मंदिर का निर्माण अब पूर्ण रूप लेने लगा है। विगत कुछ वर्षों से निर्माणाधीन चरौदा के शिवमंदिर मुक्तेश्वर धाम के सावन तक बचे हुए कार्य पूर्ण हो जाएगा मुक्तेश्वर शिव मंदिर पचास साल पुराना भव्य




मंदिर था, जिसका जीर्णोद्धार कर और भव्यता प्रदान की जा रही है। यहा कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है। भक्तों का उत्साह और उनके सहयोग से मंदिर का तेजी से पूर्ण हो गया है। दिव्य जीवंत प्रतिमाएं राजस्थान से ला कर प्राण प्रतिष्ठा की गई है। मुक्तेश्वर धाम में भक्तों को शिव परिवार के साथ ही राम दरबार, कृष्ण दरबार,दक्षिणमुखी हनुमान, दुर्गा माता जी, एकादशी माता, संतोषी माता, नवग्रहों का दर्शन, 51 शक्तिपीठ, महामाया माता,12 ज्योतिर्लिंग दर्शन के अलावा शनिदेव की भव्य मंदिर बन गई है और दरबार सज गई है।

इनकी रही उपस्थिति- पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल,मण्डल अध्यक्ष डाक्टर कृष्ण कुमार वर्मा, भाजपा प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी व सरपंच हेमन्त वर्मा,ग्राम पंचायत सरपंच श्री छगेन्द्र वर्मा,मन्दिर समिति अध्यक्ष श्री टिकेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री टीनू कांत वर्मा,श्रीमती किरण साहू,मण्डल उपाध्यक्ष कौशल साहू,वसीम अकरम,पूर्व नगर अध्यक्ष कुरा विजय अग्रवाल,महेंद्र जोगी वर्मा,विजय वर्मा,विधायक कार्यालय प्रभारी विवेक शर्मा,नवीन वर्मा,चन्द्रकान्त साहू,पोषण वर्मा,विनय पांडे,भुनेश्वर साहू,रैता सरपंच विद्या भूषण वर्मा,कुथरेल सरपंच रेमन पाल,उमेश साहू,रघुनंदन अग्रवाल कुलेश्वर साहू,महावीर साहू,वेदनाथ साहू,घनश्याम वर्मा सहित ग्रामीण उपस्तिथ थे।

**चरोदा फिर चरौदा हो गया**

भारतीय प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है यह मंदिर यह स्थल भारतीय प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है। वर्तमान में जहां पर यह विशाल शिव मंदिर है, पूर्व में यह टीले के रूप में था। टूटे-फूटे ईटों के टुकड़े एवं ऊपर में दो नारी मूर्ति थी,जिससे लोग महामाया के रूप में पुजते थे। इस टीले के ठीक पूर्व की और एक गड्डा था जिसमें हमेशा पानी भरा रहता था। जहां अभी बावली है। ग्रामवासी स्थल की रहस्य को जानने किले की खुदाई 1969 में प्रारंभ की। इस दौरान इट के टुकड़े टूटी फूटी मूर्तियां पत्थर के बड़े-बड़े खंभे एक चौकोर नीव परकोटा मिला। दूसरे नींव बीच में जो कि प्राचीन मुख्य मंदिर का था। टूटे भाग निकलने के बाद ग्रामीणों को अंदर शिवलिंग दबे होने का विश्वास हो गया। खुदाई जारी रही कुछ दिनों में ही शिवलिंग की प्राप्ति हुई। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इस स्थल पर प्राचीन काल में विशाल मंदिर था। संभव है इस परिक्षेत्र को चारों धाम के नाम से जाना जाता था, जो कि कालांतर में उच्चारण चरोदा फिर चरौदा हो गया।

**मन्दिर समिति ने किया स्वागत**

पूर्व विधान सभा अध्यक्ष श्री गौरी शंकर अग्रवाल के पुत्र श्री नितिन अग्रवाल ने शिव मंदिर चरौदा में शुक्रवार को मन्दिर के लिए एक बड़ा ईनवाईटर ले कर पहुचे और समिति को भेंट किये जिससे मन्दिर समिति ने श्री अग्रवाल का स्वागत कर आभार ब्यक्त किये इस अवसर श्री अग्रवाल ने कहा भोलेबाबा के दरबार को सजाने का काम भक्तो का है और हम सभी भक्त मिल कर इस सावन मन्दिर को सजाएंगे।

# डिप्टी सीएम से भाजपा पार्षदों ने भेंटकर जनहित पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों को भू–स्वामी अधिकार पत्र "मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना वर्ष 2016–17" दिलवाने के लिए भाजपा पार्षद दल उपमुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात किए। मांग पत्र में पार्षदों ने आबादी भूमि में लंबे समय से निवासरत लोगो को तत्काल इसका लाभ दिलाया जाने का निवेदन किया। उन्होने बताया कि नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत हजारों परिवार आज पर्यन्त तक आबादी पट्टा के लाभ से वंचित है, जबकि आरंग के ग्रामीण अंचलों में आबादी पट्टा का वितरण किया जा चुका है। आरंग नगर पालिका क्षेतांतर्गत पूर्व में आबादी पट्टा तैयार किया गया था, परंतु आचार संहिता लगने के कारण इस पर रोक लगा दिया गया था और सत्ता परिवर्तन के बाद इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। भाजपा पार्षदों की ओर से 31 जनवरी 2020 को एवं 07 दिसंबर 2021 तथा 18 जनवरी 2024 को नगर पालिका अधिकारी एवं जिलाधीश रायपुर को पत्र के माध्यम से इस योजना के क्रियान्वयन हेतु आग्रह किया गया था, परंतु कोई ठोस कार्यवाही नही हुई। वहीं 15 जुलाई 2024 को रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहे से भी इस विषय पर मांग पत्र देकर निवेदन कर चुके है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना की नई स्वीृति के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष राजेश साहू, धुरव कुमार मिर्धा, सूरज लोधी, शंकर जलक्षत्री, सीमा नरेंद्र लोधी एवं विजय अग्रवाल उपस्थित थे।

# 80 ट्रैक्टर पैरा खाक आरोपी की तलाश जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार की रात को ग्राम चपरीद के गौठान में रखे हुए 80 ट्रेक्टर पैरा को आसमाजिक तत्वों ने आग लगा दिया, जिससे पुरा पैरा जलकर राख हो गया। सुबह 8 बजे फायर ब्रिगेड की टीम ने आकर आग बुझाया तब तक पैरा पुरा जल चुका था। धान की फसल को लावारिस पशुओ से बचाने के लिए गौठान मे पैरा की व्यवस्था कर रखा जाता था व अब पैरा नही होने की वजह से लावारिस गायों की व्यवस्था को लेकर ग्रामीण परेशान है। इससे पहले भी आगजनी व तोड़–फोड की घटनाये यहां हो चुकी है। इस घटना में कइ्र प्रकार के असामाजिक तत्वों की शामिल होने की अशंका जताई जा रही है। ग्रामीणजनों के आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



# डॉ. खूबचंद बघेल की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

मानव कुर्मी क्षत्रिय समाज के द्वारा डॉक्टर खूबचंद बघेल चौक एवं कुर्मी बोर्डिंग छात्रावास समिति स्थित स्कूल प्रांगण में स्थापित प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर गुलाल लगाकर तथा श्रीफल समर्पित तथा धूप दीप जलाकर करके डॉक्टर खूबचंद बघेल के जन्मदिन के अवसर पर जयंती मनाया गया। इस अवसर पर तिल्दा नगर कुर्मी समाज के अध्यक्ष जैनेंद्र बघेल, छात्रावास समिति के अध्यक्ष अनिल वर्मा, क्षेत्र प्रधान डोमार वर्मा, घनश्याम वर्मा, रूद्र वर्मा, सुरेश वर्मा, अनिल वर्मा,पत्रकार गण दिलीप वर्मा एवं शिव वर्मा, मनवा कुर्मी तिल्दा राज के महिला अध्यक्ष ममता पैकरा , तिल्दा नगर महिला अध्यक्ष गौरी वर्मा, कौशल वर्मा, हेमलता बघेल आदि उपस्थित रहे। साथ ही कुर्मी समाज के अलावा अन्य समाज के अन्य लोग भी बाद में आकर डॉक्टर खूबचंद बघेल को नमन किया गया।

# नीट परीक्षा घोटाले के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया पैदल मार्च




हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग विधानसभा में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर द्वारा नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर आरंग बस स्टैंड से लेकर नेशनल हाईवे तक पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने हाथ में तख्ती और गले में दूरबीन लटका कर प्रदर्शन कर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की एवं नीट परीक्षा का आयोजन दोबारा करने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की नीट की परीक्षा में हुआ घोटाला इस देश का सबसे बड़ा घोटाला है, नीट की परीक्षा एक अहम परीक्षा है जिसमें डॉक्टर और साइंटिस्ट चुने जाते हैं और जिस प्रकार पेपर लीक का मामला सामने आया है, तो यह देश का सबसे बड़ा घोटाला साबित हो रहा है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, शुभांशू साहू विधानसभा अध्यक्ष, राजेश बारले प्रदेश सचिव, चंद्रप्रकाश साहू प्रदेश सचिव, सत्येंद्र चेलक, कृष्णा साहू, भारती देवांगन, मंजू चंद्राकर, ओमप्रकाश यादव, प्रवीण सिंह, हरि बंजारे, देवशरण साहू, दीपक चंद्राकर, खिलावन निषाद, भुनेश्वर यदु, प्रद्युमन शर्मा, रेणु सेन, भरत लोधी, आलोक चंद्राकर, ईश्वर जोगलेकर, लमीनारायण लोधी, सराफत अली, सूरज शर्मा, पप्पू जांगडे, ईश्वर पटेल, सुनील बघेल, अमित जलक्षत्री, पारस चंद्राकर, प्रदीप पटेल, पप्पू तंबोली, सागर जोशी, निखिल वंशे, प्रणय बंसोर, शेखर लोधी, कुलदीप लोधी, बिट्टू सोनी, उमाशंकर निषाद, भीष्म बारले, विनीत पांडे, राकेश मिश्रा, आर्यन जोशी, तरुण मिश्रा, चमन कोशले, हेमा कुर्रे, रामनाथ यदु, जितेंद्र चतुर्वेदी, कुणाल जांगडे, लकी जांगडे, राजा धीवर, राजा बाघ, शिवनारायण साहू, स्वरूप सोनी, ललित बघेल, विजय मारकंडे, दौलत टंडन, गुरुचरण मारी, मिथलेश यदु, नारायण सोनी एवं समस्त युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**डीईओ कार्यालय से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधियों की सूची प्रभारी मंत्री व विधायक की अनुशंसा पर जारी**

# ब्लाक के हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में विकास समिति गठित करने निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के द्वारा जिला रायपुर अंतर्गत आरंग विकासखण्ड के शासकीय हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधियों की सूची प्रभारी मंत्री व विधायक की अनुशंसा सहित जारी की गई है। जिसके अनुसार अरुंधती देवी उच्च. माध्य. विद्यालय आरंग अध्यक्ष खिलेश धुरंधर, विधायक प्रतिनिधि सुशील जलक्षत्री, अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम आरंग अध्यक्ष वेदप्रकाश देवांगन, विधायक प्रतिनिधि शंकर लाल जलक्षत्री, शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय आरंग अध्यक्ष पदमनी साहू, विधायक प्रतिविधि कुमारी साहू, शास. हाई स्कूल रसनी अध्यक्ष सूरज शर्मा, विधायक प्रतिनिधि गणेश राम साहू, शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल लखौली अध्यक्ष शेखर साहू, विधायक प्रतिनिधि रत्थू साहू, शास. हायर सेकेंण्डरी स्कूल गनौद अध्यक्ष मनोज यादव, विधायक प्रतिनिधि पवन निर्मलकर, हायर सेकेण्डरी फरफौद अध्यक्ष नंदकुमार लोधी, विधायक प्रतिनिधि पचकौड राम वर्मा, हायर सेकेण्डरी गुल्लू अध्यक्ष अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि रेता साहू, हाई स्कूल खमतराई अध्यक्ष कोमल नारायण साहू, विधायक प्रतिनिधि सनद साहू, हायर सेकेण्डरी पारागांव अध्यक्ष गोविन्द पटेल, विधायक प्रतिनिधि गोविंद सोनकर, हायर सेकेण्डरी अमसेना अध्यक्ष राजकुमार ओगरे, विधायक प्रतिनिधि पुसउ साहू, हायर सेकेण्डरी बनरसी अध्यक्ष ई"वर साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रेमलाल साहू, हायर सेकेण्डरी भण्डारपुरी अध्यक्ष ललित गायकवाड, विधायक प्रतिनिधि अनिल बंजारे, हायर सेकेण्डरी चपरीद अध्यक्ष चेतन लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप साहू, हायर सेकेण्डरी चिखली अध्यक्ष लेखूराम प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रजापति, हायर सेकेण्डरी देवरतिल्दा अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद कन्नौजे, विधायक प्रतिनिधि तोलेन्द्र साहू, हायर सेकेण्डरी खोरसी अध्यक्ष अ"वनी साहू, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द शर्मा, हायर सेकेण्डरी कोरासी अध्यक्ष तोरण लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि राकेश पटेल, हायर सेकेण्डरी कोसरंगी अध्यक्ष धनेश धीवर, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र दास, हायर सेकेण्डरी कुरुद (कुटेला) अध्यक्ष मनहरण प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि कमल साहू, हायर सेकेण्डरी सकरी अध्यक्ष बंधू साहू, विधायक प्रतिनिधि राजे"वरी देवांगन, हायर सेकेण्डरी समोदा अध्यक्ष पुराणिक धुरवंशी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रकांत सोनी, हायर सेकेण्डरी सेमरिया अध्यक्ष अमर लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि शत्रुहन साहू, हायर सेकेण्डरी तुलसी अध्यक्ष गिरधर साहू, विधायक प्रतिनिधि कुमार ठाकुर, हायर सेकेण्डरी भैसा अध्यक्ष इंदरमन धीवर, विधायक प्रतिनिधि किशन सेन, हायर सेकेण्डरी सेमरिया अध्यक्ष डॉ. केजूराम साहू, विधायक प्रतिनिधि ई"वर साहू, कन्या हायर सेकेण्डरी नरदहा अध्यक्ष सुखीराम लहरे, विधायक प्रतिनिधि रमेश कुर्रे, गैंदराम हायर सेकेण्डरी नरदहा अध्यक्ष टकचंद साहू, विधायक प्रतिनिधि किशोर वर्मा, हाई स्कूल पचेडा अध्यक्ष हेमलाल मिर्चे, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकुमार देवागंन, हाई स्कूल चटौद अध्यक्ष अजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण साहू, अनंत राम बर्छिहा हायर सेकेण्डरी चंदखुरी अध्यक्ष प्रतिक बैस, विधायक प्रतिनिधि उदय सिंग वर्मा, हायर सेकेण्डरी खौली अध्यक्ष शिवकुमार चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ पाटकर, हायर सेकेण्डरी टेकारी अध्यक्ष अशोक नायक, विधायक प्रतिनिधि राजू मनहरे, हायर सेकेण्डरी भानसोज अध्यक्ष भूपेश साहू, विधायक प्रतिनिधि चेतन टण्डन, हायर सेकेण्डरी रींवा अध्यक्ष नंदकुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि विष्णु यादव, हायर सेकेण्डरी राखी अध्यक्ष विक्की राज साहू, विधायक प्रतिनिधि नुतन साहू, हायर सेकेण्डरी गोढी अध्यक्ष हीरादास वैष्णव, विधायक प्रतिनिधि यशवंत बैस, हायर सेकेण्डरी परसदा अध्यक्ष ओमन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि तिलक चंद्राकर, हायर सेकेण्डरी बडगांव अध्यक्ष महावीर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि हीरालाल साहू, कन्या हायर सेकेण्डरी मंदिरहसौद अध्यक्ष बल्ला यादव, विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू, मातृ सदन हायर सेकेण्डरी मंदिरहसौद अध्यक्ष अशोक वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन सिन्हा, हाई स्कूल अमेरी अध्यक्ष गोपाल वर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुदर साहू, हायर सेकेण्डरी गुजरा, अध्यक्ष चंद्रशेखर बघेल, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश साहू, हाई स्कूल बकतरा अध्यक्ष गजाधर बैस, विधायक प्रतिनिधि मिथलेश पटेल उपरोक्त सूची के अनुसार नामांकित सर्वसंबंधित विद्यालयों के संस्था प्रमुख को निर्देशित किया गया है कि अपने विद्यालय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति में सूची के अनुसार अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य सदस्य नियुक्त करते हुए गठित समिति की जानकारी उच्च कार्यालय को उपलब्ध कराएं।



### सरपंच के नेतृत्व में पौधारोपण

**धरसीवां / कूंरा।** मुख्यालय ग्राम पंचायत धरसीवां में सरपंच सुल्ताना वहीदा के ने नेतृत्व में ग्राम के खेल मैदान , बाजार चौक स्थल के आस पास एक पौधा मेरे गांव के नाम से पौधा रोपित किया गया और साथ ही उसे बचाने व उनका रक्षा कर उन्हे वृहद रूप से पेड़ बनाने का संकल्पित किया , सरपंच वहीदा ने कहा की नन्हे पौधे को बड़ा कर बड़ा वृक्ष बनाने से हमारे धरसीवां का वातावरण संतुलित रहेगा , तीन ऋतुओं का मौसम सबको बराबर मिलेगा इस लिए सब लोग 1 पौधा जरूर लगाए । इस मौके पर मुख्य रूप से धरसीवां जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार, सरपंच सुल्ताना वहीदा , पंच दिनेश सिन्हा एवं ग्राम के नागरिक बंशी छत्रपाल ,बिसाहू के साथ बड़ी संख्या में लोग पौधा रोपित करने शामिल हुए थे ।

# बड़ा प्रशासनिक फेरबदल टला, अब विधानसभा सत्र के बाद होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला प्रशासनिक फेरबदल फिलहाल टल गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार सरकार ने तय किया है कि अब राज्य विधानसभा के सत्र के बाद फेरबदल किया जाएगा। विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है जो पांच दिनों तक चलेगा। सत्र बीतने के बाद प्रशासनिक फेरबदल सामने आएगा। राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किए जाने की संभावना पिछले कई दिनों से बनी हुई थी। इसी बीच कुछ दिनों पहले सरकार द्वारा को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अफसरों के तबादलों के बाद अब सरकारी प्रशासनिक गलियारों में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की आहट सुनाई दे रही थी कि जल्द ही सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों में कलेक्टरों के तबादला आदेश जल्द जारी किए जा सकते हैं।

### फरवरी में हुआ था बड़ा बदलाव

राज्य सरकार ने इससे पहले फरवरी में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए थे। इसके बाद मार्च में लोकसभा की चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद तबादलों पर प्रतिबंध लग गया था। अब चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद माना जा रहा है कि सरकार एक बार फिर बड़े प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी है। इससे पहले जनवरी में 89 अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाएं की थीं।

## अब से पहले जनवरी-फरवरी में हुआ था बदलाव

### बदले जा सकते हैं ये अधिकारी

उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो नए प्रशासनिक फेरबदल की प्रक्रिया में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों के कलेक्टरों के तबादले संभावित है। माना जा रहा है कि सरकार के छह माह के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभागों की समीक्षा बैठक की जा चुकी है। इस समीक्षा के बाद विभागों में कामकाज की स्थिति सामने आ रही है। इसी आधार पर ये संभावना व्यक्त की जा रही है कि जिन विभागों और जिलों में कामकाज सरकार की अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया गया है, तथा जिन विभागों के माध्यम से सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन विभागों से संबद्ध अधिकारियों की पदस्थापना में अफसरों के प्रदर्शन के अधार पर बदलाव किया जा सकता है।




### जिलों में बदले जा सकते हैं कलेक्टर

प्रशासनिक फेरबदल के तहत जिलों में पदस्थ कलेक्टरों को बदला जाना प्रस्तावित है। राज्य में जिन जिलों के कलेक्टरों को बदला जाना है उनमें जिलों में कलेक्टरों के कामकाज की समीक्षा के आधार पर बदलाव संभावित है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि सरकार किन जिलों के कलेक्टरों को बदलने जा रही है। दूसरी ओर अगले कुछ महीनों में राज्य के नगरीय निकायों और जिला पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं। सरकार इन चुनावों के मद्देनजर भी बदलाव कर सकती है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल को एबीवीपी के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से शुक्रवार को राजभवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एबीवीपी के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, दुष्यंत साहू, प्रवीण यादव, योगेश साहू, अनिरुद्ध दीक्षित, रोहन सिन्हा उपस्थित थे।

### संजय बोले- महापौर विकास-विकास चिल्लाने का कर रहे ड्रामा

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर द्वारा चौड़ीकरण मामले में राज भवन में जाकर ज्ञापन देने पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, गुरु चेले में ड्रामेबाजी की प्रतियोगिता चल रही है। एक तरफ गुरु लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिख रहे हैं और चेले राज भवन में घूम रहे हैं। एजाज ढेबर वह महापौर हैं जिन्होंने राजधानी रायपुर का विनाश करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, अब विकास-विकास चिल्लाने का ड्रामा कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, यह महापौर अपनी सरकार में दुबक के बैठे थे। उनके मुंह से कोई आवाज नहीं निकलती थी। सारा ध्यान भ्रष्टाचार करने में लगा था। उनको बताना चाहिए 5 साल के कांग्रेस के शासन में तात्यपारा, शारदा चौक के चौड़ीकरण के लिए क्या किया। जिन्होंने 5 साल एक ईंट रखने का काम नहीं किया और अब सरकार जाते ही नगर निगम चुनाव के पहले नई ड्रामेबाजी शुरू कर दी है।



### जिला कांग्रेस ने गोठान शुरू करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के नेतृत्व में गोठान शुरू करने प्रदर्शन किया गया तथा ज्ञापन सौंपा गया। श्री वर्मा का कहना है कि पूरे प्रदेश में 90% धान की बोआई हो चुकी है, धान को 25 दिन से एक महीना हो गया है, धान के पौधे बड़े हो गए हैं। गांव में आवारा पशु खुले में छोड़ दिए गए हैं। गोठान बंद होने से व्यवस्था नहीं हो पा रही है। ये समस्या पूरे प्रदेश में है। फसल चरने से किसान खासे परेशान हैं। पूर्ववती कांग्रेस शासन में लगभग सभी गांव में गोठान बने हुए हैं, लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है, गोठान को बंद कर दिया गया है, जिससे गांव में मवेशी खुले में घूम रहे हैं और सड़क बाधित कर रहे हैं। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर से मिलकर समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस सचिव पप्पू राजेंद्र बंजारे, घनश्याम वर्मा, कोमल साहू, देवादास टंडन, भारती शर्मा, सौरभ शर्मा, हरिश्चंद वर्मा, कन्हैया यादव, मनोज शर्मा, श्रवण चंद्राकर, देवेंद्र वर्मा, अरुण शुक्ला, संतोष पाल, चोवा साहू, खेम देवांगन, गजानंद वर्मा, जयंत साहू, सुनीता साहू, दीपा साहू आदि शामिल रहे।

### प्रमुख सचिव बोरा ने की पीएम जनमन योजना की समीक्षा



**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) की संस्कृति और रीति-रिवाज को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की बसाहटों का सत्यापन 31 अगस्त से पहले करने के निर्देश दिए।

## 22 जुलाई से प्रारंभ होगा विधानसभा का मानसून सत्र

# भाजपा विधायक दल की बैठक में बनी मानसून सत्र पर रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक में मानसून सत्र के साथ ही विपक्ष के सवालों का जवाब देने को लेकर रणनीति तय की गई। विपक्ष के सवालों का कौन-कौन जवाब देंगे, इसको लेकर जिम्मेदारी तय की गई। आक्रामक रूप से विपक्ष के सवालों का जवाब देने पर चर्चा की गई।

विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री निवास में शुक्रवार की रात को विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय के साथ ही सभी मंत्री और विधायक शामिल हुए। इसमें सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई। सत्र में क्या-क्या होना है, इसको लेकर चर्चा के साथ विपक्ष द्वारा किए जाने वाले सवालों को लेकर भी तैयारी की गई। विपक्ष किस मामले में क्या कर सकता है, किस मामले में हंगामा होगा, किस मामले में स्थगन प्रस्ताव आ सकता है, इन सब मामलों में क्या-क्या करना है, इसको लेकर रणनीति बनी। इसी के साथ तय किया कि किस मामले में किनको बोलना है। मंत्रियों के अलावा विधायकों की भी जिम्मेदारी तय की गई। विपक्ष द्वारा कानून व्यवस्था के साथ ही बलौदाबाजार का मामला भी उठाया जाने वाला है। इसको लेकर क्या करना है, इसकी रणनीति भी बनाई गई।




### विपक्ष के पास मुद्दा नहीं : धर्मजीत

विधायक दल की बैठक को लेकर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, विधायक दल की जबरदस्त बैठक हुई है। सभी विधायक बैठक में शामिल हुए। मानसून सत्र को लेकर रणनीति तय की गई है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। बलौदाबाजार हिंसा के मामले को लेकर धर्मजीत सिंह ने कहा, घटना हुई है। सरकार जवाब देने के लिए तैयार है।

### नए विधायकों को मिली वरिष्ठों की सलाह

विधायक दल की बैठक को लेकर विधायक भावना बोहरा ने कहा, बैठक में सभी विधायकों से चर्चा की गई है। मानसून सत्र को लेकर रणनीति तैयार की गई। कई विधायक नए हैं जो विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल होंगे। इनको वरिष्ठ विधायकों की सलाह भी मिली है। उन्होंने कहा, विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर जो बयान दे रहा है, उन्हें पहले अपने 5 साल के कार्यकाल को देखना चाहिए। 6 महीने के कार्यकाल में प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति अच्छी हुई है। पिछले 5 साल के मुकाबले अपराध के ग्राफ में कमी आई है।

## रायपुर धमतरी में बैज ने ली बैठक

# विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

### प्रदेशभर से 25 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता जुटाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस ने विधानसभा सत्र के दौरान 24 जुलाई को विधानसभा घेराव की तैयारी की है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी जुटी हुई है। प्रदेशभर से 25 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य है। आसपास के जिलों पर कांग्रेस का ज्यादा फोकस है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर और धमतरी जिला कांग्रेस की शुक्रवार को बैठक ली। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी पूरी ताकत के साथ विधानसभा घेराव के कार्यक्रम को सफल बनाने इसमें शामिल हों।



श्री बैज ने बैठक में कहा, यह विधानसभा घेराव राज्य के नागरिकों की रक्षा के लिए आवश्यक है। सरकार नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उदासीन है। सरकार को मजबूर करेंगे की वह राज्य की कानून व्यवस्था को सुधारे। भाजपा के राज में शांत छत्तीसगढ़ अशांत हो गया है। अराजकता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अपराधी इतने ज्यादा बेलगाम हो गए हैं कि राज्य में एसपी कलेक्टर कार्यालय जलाए जा रहे, माबलीचिंग हो रही, थाने में चाकूबाजी हो रही, सरकार सुशासन का राग अलाप रही। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिकों को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गई है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गई हैं। श्री बैज ने कहा, 6 महीने की साय सरकार में प्रदेश में कानून व्यवस्था खस्ताहाल में पहुंच गई है।

### कांग्रेस का घेराव का ऐलान सियासी ड्रामेबाजी : केदार



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव के ऐलान को कोरी सियासी ड्रामेबाजी बताते हुए कहा, प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार सतत ठोस कदम उठा रही है और मुद्दाविहीन हो चली कांग्रेस इसमें ओछी राजनीति कर रही है। श्री गुप्ता ने कहा, दरअसल कांग्रेस नेताओं को अपने पिछले शासनकाल के आईने में अपने नाकारापन की सच्चाई देखना चाहिए, जब पूरा प्रदेश अपराधगढ़ बन गया था। श्री गुप्ता ने कहा, आज भाजपा सरकार न केवल अपराधों की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नशील है, अपितु प्रदेश को नक्सलियों के आतंक से मुक्त करने की दिशा में तेजी और सख्ती से पहल कर रही है। श्री गुप्ता ने कहा कि बीजापुर का कांग्रेसी नेता तेलंगाना में हार्डकोर नक्सली के साथ पकड़ा गया था और यहां भूपेश सरकार के मंत्री उसके अपहरण की कहानी सुना रहे थे। कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ में एक साल में दस भाजपा पदाधिकारियों की टारगेट किलिंग भूपेश बघेल सहित चार तत्कालीन मंत्री अपने जिले को नहीं संभाल पा रहे थे।

## साय मंत्रिमंडल के बाद अब विधायक जाएंगे रामलला की शरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका पूरा मंत्रिमंडल अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जा चुका है। अब प्रदेश सरकार की सभी विधायकों को अयोध्या ले जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने रामलला दर्शन योजना के समय ही विधानसभा में कहा था, हमारी सरकार सभी विधायकों को लेकर अयोध्या जाएगी। अब इसको लेकर तैयारी की जा रही है। विधानसभा के सत्र में कांग्रेस के विधायकों के साथ भी चर्चा होगी और उनकी सहमति मिलने पर उनको भी साथ में ले जाया जाएगा।

अयोध्या में इस साल जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके बाद से ही अयोध्या में रामलला के दर्शन की प्रदेश सरकार की योजना थी। बीच में लोकसभा के चुनाव के कारण कोई नहीं जा सका। अब इस माह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका पूरा मंत्रिमंडल रामलला के



दर्शन करने के लिए विशेष विमान से अयोध्या गया और रामलला के दर्शन करने के बाद शाम को वापस लौट भी आया। अयोध्या जाने के समय ही श्री साय ने कहा था, अभी तो हमारा मंत्रिमंडल जा रहा है, आने वाले समय में विधायकों को भी ले जाएंगे। अब उसकी तैयारी प्रारंभ हो गई है।

### कांग्रेसी विधायकों को भी ले जाने की योजना

प्रदेश सरकार की योजना प्रदेश के सभी विधायकों को ले जाने की है। ऐसे में जब 22 जुलाई से विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ हो रहा है तो इसमें कांग्रेस के विधायकों के साथ भी रायशुमारी होगी और उनको भी साथ लेकर अयोध्या जाएंगे। विधानसभा सत्र में जब विधायकों का अयोध्या दौरा तय होगा तो सत्र के बाद कभी भी विधायक अयोध्या जाएंगे और रामलला के दर्शन करेंगे।

## रोहरा बोले- कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की नहीं, हाईकमान की चलती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से अब पार्टी संगठन संभाले नहीं संभल रहा है, इसका एक और नजारा शुक्रवार को धमतरी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई कांग्रेस की बैठक में दिखाई दिया, जिसमें युवा से लेकर बुजुर्ग कार्यकर्ताओं ने अपनी उपेक्षा के लिए जमकर भड़ास निकाली और हंगामा मचाया। उनका कहना है, कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की नहीं, आकाओं की चलती है।



श्री रोहरा ने कहा, कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का आक्रोश कोई पहली बार सामने नहीं आया है। विधानसभा चुनाव के समय से लोकसभा चुनाव तक यह आक्रोश व्यक्त होता रहा है। विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समवेत स्वर में अपनी उपेक्षा की बात कही, लेकिन सत्ता-संगठन में आपसी खींचतान के चलते कार्यकर्ता हमेशा हाशिये पर रखे गए। दरअसल कांग्रेस में लोकतंत्र नाम की किसी व्यवस्था का अस्तित्व ही नहीं है और इसीलिए कार्यकर्ताओं की शिकायतें और उपेक्षा की पीड़ा सुनने को कोई तैयार नहीं है। श्री रोहरा ने कहा, विधानसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार बड़े नेताओं पर अपना गुस्सा उतारते रहे।

### संदीप बोले- लोस अध्यक्ष के सामने याचिका लगाना भूपेश का राजनीतिक प्रपंच

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने महादेव एप घोटाले को लेकर लोकसभा में भाजपा सांसद संतोष पांडेय के संबोधन के परिप्रेक्ष्य में साक्ष्य प्रस्तुत करने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष याचिका पेश किए जाने को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोरा राजनीतिक प्रपंच बताया है।



श्री शर्मा ने कहा, सत्ता से बेदखल होने और राजनांदगांव में करारी हार के बाद कांग्रेस में अलग-थलग पड़ चुके श्री बघेल की नियति ही यही हो गई है कि अखबारी सुर्खियों में खुद को बनाए रखने के लिए वह अब इस तरह का पाखंड रचकर बीच-बीच में रोना-धोना मचाते रहें। श्री शर्मा ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला के समक्ष याचिका पेश करना केवल सियासी ड्रामा है और इस तरह की ड्रामेबाजी करके झूठ की राजनीति करने के श्री बघेल माहिर खिलाड़ी हैं। भूपेश सरकार के कार्यकाल में इतने घोटाले और भ्रष्टाचार हुए हैं कि प्रदेश की जनता कराह उठी थी।

## भूमि आवंटन संबंधी मंत्रिमंडल का निर्णय जनहित के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पूर्ववर्ती सरकार ने आम जनता के हित में तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि का सरकार को प्रतिफल वसूलने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी हक प्रदान करने के लिए पारदर्शी नियम बनाया था। इस नियम से भूमि के आबंटन की पुरानी पद्धति में बदलाव हुआ था तथा भूमि आबंटन के लिए शासकीय गाइडलाइन से 150 प्रतिशत शुल्क निर्धारित किया गया था। भूमि आबंटन की प्रक्रिया पारदर्शी थी तथा सरकार के खजाने की भी वृद्धि हुई थी। वर्षों से शासकीय भूमि में काबिज लोगों को उनके मकानों, दुकानों आदि का मालिकाना हक मिला था। इस निर्णय को प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा निरस्त किया जाना गलत है।



श्री शुक्ला ने कहा, सरकार किसी भी दल की हो, वह जब कोई निर्णय लेती है, तो संविधान प्रदत्त शक्तियों द्वारा लेती है। सरकार बदलने के बाद पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए फैसले को बदलना संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। जिन लोगों ने सरकार से जमीन खरीद कर भूमि पर मकान, दुकान आदि का निर्माण करवा लिया है, सरकार उसका क्या करेगी। लोगों ने सरकार से जमीन ली है, पूरा प्रतिफल देकर रजिस्ट्री करवा कर जमीन का मालिकाना हक हासिल किया है, सरकार का फैसला अपने आप में ही विसंगति पूर्ण है।

## सात सदस्य होंगे, अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा

# छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण का गठन, तीन माह होगा कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन कर इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। खास बात ये है कि इस आयोग का गठन सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित एक निर्णय के अंतर्गत किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर निर्णय देते हुए व्यवस्था दी थी कि कोई भी राज्य ट्रीपल स्टेट की औपचारिताएं पूरी करने के बाद ही त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान कर सकता है। इस आदेश के अनुक्रम में प्रदेश में पिछड़े वर्गों की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन एवं सुझाव तथा अनुशंसाएं प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है। राज्य सरकार द्वारा आयोग के गठन की अधिसूचना में कहा गया है कि अधिसूचना के प्रकाशन दिनांक से आयोग का कार्यकाल सामान्यतः तीन माह का होगा। जिसे राज्य शासन द्वार आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकेगा। आयोग प्रदेश में पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्यन करेगा। शासन के विभिन्न विभागों की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्गों की भागीदारी की वर्तमान स्थिति का अध्यन करेगा।

### पिछड़े वर्गों के संबंध में देंगे सुझाव, करेंगे अनुशंसा

### ऐसे होगा गठन

आयोग में सात सदस्यों की नियुक्त ऐसे व्यक्तियों में से की जाएगी जो पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों में ज्ञान रखते हों, जिसमें निर्वाचित जन प्रतिनिधि, शासकीय सेवक और समाजसेवी शामिल होंगे। इनमें से एक सदस्य अध्यक्ष के रूप में नामांकित होगा, जिसे कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। सदस्यों में एक महिला भी होगी। इन सभी का कार्यकाल नियुक्ति से तीन माह का होगा।

## बेवरेज कॉर्पोरेशन के लिए शराब खरीदी जल्द होगी, 29 को खुलेगा रेट ऑफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से शराब खरीदी के लिए जारी प्रक्रिया के तहत विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों का पंजीयन शुरू होने के बाद 29 जुलाई को रेट ऑफर खोला जाएगा। इसके साथ ही शराब खरीदी शुरू हो जाएगी। खास बात ये है कि राज्य सरकार ने हाल ही में कैबिनेट में निर्णय लेकर एफएल 10 लाइसेंस निरस्त किया था। इसे शराब कारोबार से बिचौलियों को बाहर करने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। अब एफएल 10 लायसेंस हासिल करने का अधिकार सरकारी कंपनी स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन के पास होगा। आबकारी विभाग ने शराब खरीदी के संबंध में एक सूचना जारी कर बताया है कि विदेशी मदिरा के थोक प्रदाय के लिए आबकारी आयुक्त कार्यालय द्वारा 11 जुलाई को जारी रेट ऑफर के अनुसार आबाकारी आयुक्त ने 26 जुलाई की शाम तक रेट ऑफर आमंत्रित किया है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 जुलाई को 11 बजे रेट ऑफर खोला जाएगा, लेकिन इससे पहले विदेशी मदिरा के विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयों की प्री बिड मंत्रणा आबकारी आयुक्त कार्यालय में शुक्रवार को हुई है। इस मंत्रणा में विदेशी शराब विनिर्माता, प्रदायकर्त इकाइयों को बुलाया गया।



### अब थोक खरीदी, भंडारण ब्रेवरेज कार्पोरेशन के हवाले

आबकारी विभाग ने राज्य शासन के आदेशानुसार इस संबंध में सूचना का प्रकाशन कराया है। विदेशी शराब के थोक क्रय, भंडारण एवं फुटकर अनुज्ञाप्तिधारियों को विक्रय का काम छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा के लिए रेट ऑफर करने का काम आबकारी आयुक्त द्वारा किया जाएगा। विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए रेट ऑफर प्रक्रिया में भाग लेने के पहले विदेशी मदिरा की विनिर्माता, प्रदायकर्ता इकाइयां आबकारी आयुक्त कार्यालय जीएसटी भवन नवा रायपुर अटल नगर में पंजीयन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सांसद बृजमोहन का नागरिक अभिनंदन आज




**रायपुर।** त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर द्वारा रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का 20 जुलाई को नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। नागरिक अभिनंदन समारोह के दौरान 51 सफाई मित्रों का सम्मान तथा सहभोज कार्यक्रम भी आयोजित है। समिति के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि इस समारोह में फेंसिंग की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रीबा जैकब, बैडमिंटन खिलाड़ी इशिका पोद्दार तथा ओम बसाक का भी सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों सहित नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### सद्भावना सत्संग समारोह और गुरु पूजा महोत्सव आज से

**रायपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूजा के पर्व पर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव सतपाल महाराज के आत्मनुभवी शिष्य महात्मा दीप्ति बाई, महात्मा धारानंद, महात्मा प्रभुचरणानंद एवं महात्मा विलक्षणा बाई हरिद्वार द्वारा ज्ञान-विज्ञान से ओतप्रोत, गीता, रामायण, भागवत, उपनिषद आदि सभी धर्मग्रंथों पर आधारित सारगर्भित आध्यात्मिक प्रवचन होंगे। कार्यक्रम शनिवार संध्या 4 से 7 बजे तक होगा। 21 जुलाई रविवार को प्रातः 8 बजे पूजा, आरती एवं भजन, सत्संग 9 बजे से 1 बजे तक होगा। भामाशाह छात्रावास साहू कांप्लेक्स टिकरापारा में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पहुंचकर आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

### समाजसेवी सत्यदीप को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम देवपुरी की महंत अम्मा मीरादेवी के पुत्र एवं समाजसेवी सत्यदीप खूबचंदानी का विगत दिनों निधन हो गया। उनके निधन पर सिंधी समाज, संत समाज ने शोक जताया है। शनिवार को शोकसभा में बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन श्रद्धांजलि अर्पित करने देवपुरी दरबार पहुंचेंगे। यूपी, मध्यप्रदेश के समाजजनों समेत जलगांव महाराष्ट्र के महंत साईं देवीदास, देवपुरी दरबार के सेवादार इंदर सचदेव, पवन प्रीतवानी, अमर गिदवानी, सुशील केशवानी, हरि इसरानी, ईश्वर कोडवानी, लाल खूबचंदानी, सतीश थौरानी, घनश्याम माखीजा समेत अन्य समाजजनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।



## निधन

### विशाल लूलिया



**रायपुर।** सत्कार होटल गली स्टेशन रोड निवासी विशाल लूलिया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश कुमार लूलिया के पुत्र व दीपक, प्रकाश, सतीश, गौतम लूलिया के भाई थे।

# नम आंखों से शहादत को सलाम, बेटी, भतीजे ने दी भरत को मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीजापुर में नक्सली हमले में शहीद भरत साहू का शुक्रवार को मोवा, खपराभट्ठी मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भरत को मुखाग्नि उनकी बड़ी बेटी यूनिका तथा छोटी बेटी डोली और भतीजा सागर साहू ने दी। भरत के शव को अंतिम संस्कार करने जब ले जाया गया, तब भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोग भारत माता की जय, नक्सलवाद मुर्दाबाद के साथ ही जब तक सूरज चांद रहेगा, भरत तेरा नाम रहेगा का नारा लगाते मुक्तिधाम तक पहुंचे। अंतिम संस्कार के अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित रहे। तिरंगे में लिपटे भरत के शव को जब घर पर लाया गया, मौके पर उपस्थित महिलाएं फफक पड़ीं, लोगों की आंखें नम थीं। शहीद के शव को देख उनकी पत्नी तथा मां का रो-रोकर बुरा हाल था। भरत की पत्नी तथा मां शव से लिपटकर काफी देर तक रोते रहे। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने बड़ी मुश्किल से दोनों को शव से अलग किया। गौरतलब है कि भरत के शव को गुरुवार को जब रायपुर लाया गया, श्रद्धांजलि देने माना चौथी बटालियन लाया गया। माना चौथी बटालियन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा तथा अन्य विशिष्ट जन ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शव को कांधा दिया।

## भरत को अंतिम विदाई देने जनसैलाब उमड़ा

### 17 जुलाई को आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए थे

*गौरतलब है की एसटीएफ की टीम 17 जुलाई को बीजापुर के तर्रेम में एंटी नक्सली ऑपरेशन में निकली थी। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाई गई आईईडी की चपेट में आने से भरत तथा एक अन्य जवान शहीद हो गए, चार जवान घायल हो गए। भरत के परिजनों को घटना की जानकारी देर रात दो बजे मिली।*



### शोक में दुकानें बंद रहीं

भरत साहू के शहीद होने पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। लोग अपने घरों से स्वतः ही बाहर निकल आए और अंतिम यात्रा में शामिल होते गए। भरत के शोक में आसपास की दुकानें बंद रहीं। शहीद जवान की अंतिम यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग के साथ सभी उम्र के लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा के समय लोगों के मन में नक्सलवाद के खिलाफ गुस्सा देखा गया।

### मोवा बाजार चौक अब शहीद भरत साहू के नाम पर

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शहीद भरत लाल साहू की स्मृति को अक्षुण्ण रखते हुए मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण उनके नाम से शहीद भरत लाल साहू चौक करने का निर्णय लिया है।*

## ओवरब्रिज में जगह-जगह गड्ढों से राहगीर परेशान, जिम्मेदारों ने नहीं कराया पेचवर्क

# आमानाका ओवरब्रिज के गड्ढों में फंस रहे बाइक के चक्के, रोजाना 50 हजार वाहनों का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- बारिश में गड्ढों के कारण अब बिगड़ रहा बाइक चालकों का संतुलन


बारिश में शहर की जर्जर सड़कों से इन दिनों राहगीर बेहद परेशान हैं। नेशनल हाईवे से लेकर मुख्य सड़कों तक छोटे व बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इन मार्गों से गुजरने पर अब गाड़ियों के चक्के फंस रहे हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं का कारण बने हुए हैं। आमानाका ओवरब्रिज पर बनी सड़क की हालत खराब हो गई है, क्योंकि इसकी सड़क पर दर्जन से अधिक गड्ढों का जिम्मेदारों ने सालभर से पेचवर्क नहीं किया, जिसके कारण बाइक और कार चालकों का संतुलन बिगड़ने लगा है। हरिभूमि ने जब पड़ताल की, तो पता चला पेचवर्क करवाने का जिम्मा पीडब्ल्यूडी विभाग का है, लेकिन सड़क की हालत खराब होने के बाद भी विभाग की अनदेखी का शिकार अब राहगीर हो रहे हैं। एक किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क में गाड़ियों के दबाव से दर्जन से अधिक गड्ढे गहरे हो गए हैं। यह स्थित सालभर से बनी हुई है। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिसमें अचानक गाड़ियों के चक्के फंसने से कई बार वाहन चालक गिर चुके हैं। गड्ढों के कारण ब्रिज में कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।

### भाठागांव से महादेव घाट मार्ग भी बदतर

भाठागांव से महादेव घाट को जाने वाली सड़क की हालत इनदिनों बदतर हो चुकी है, लेकिन मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गड्ढों की गहराई सामान्य सड़क की तुलना में 60 से 70 सेंटीमीटर तक हो चुकी है। बारिश के दिनों में इस मार्ग से गुजरने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर में कई जगहों पर गर्मी में मेंटेनेंस कार्य किया है, लेकिन अब भी हाईवे और शहर के ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़कों में दो से ढाई इंच तक गड्ढे उभर आए हैं।



ब्रिज में एक किलोमीटर तक दर्जन से अधिक जगहों पर उभर आए हैं छोटे व बड़े गड्ढे



### ब्रिज में दिनभर गाड़ियों का दबाव

*ब्रिज में गाड़ियों का दबाव दिनभर रहता है। दोनों तरफ से गाड़ियां आना जाना करती हैं। सड़क में गड्ढा बढ़ते हुए कहीं 1 मीटर तो कहीं आधा मीटर लंबा हो चुका है। बता दें कि ब्रिज में रोजाना 50 हजार से अधिक गाड़ियों की आवाजाही दिनभर में होती है, जिसमें बाइक चालकों को गड्ढों से अधिक परेशानी होती है। कई वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। बारिश के समय तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर बड़ा हादसा हो सकता है।*

### बढ़ रहा गड्ढों का मीटर

*सोनडोंगरी क्षेत्र की सड़क जगह-जगह जर्जर हो चुकी है। सड़क का सुधार नहीं होने से कुछ गड्ढे 10 मीटर लंबे हो चुके हैं, जिसमें गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। गड्ढा गहरा होने से दोनों ओर सड़क बीच बीच में उखड़ चुकी है। इस पर जब पैदल राहगीर निकलते हैं, तो रात में वे गिर जाते हैं।*

# सेना के विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित हुए एम्स के कार्यपालक निदेशक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेना में विशेष कार्यों के लिए रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल को विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया। अशोक जिंदल अभी एम्स रायपुर के कार्यपालक निदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह पुरस्कार सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल का भारतीय सेना में लगभग चार दशकों का कार्यकाल रहा। नवंबर 2021 में आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) दिल्ली का नेतृत्व संभालने के बाद लिवर, हार्ट प्रत्यारोपण और पीडियाट्रिक हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट प्रोग्राम फिर से शुरू किया गया, जिसके बेहतरीन नतीजे सामने आए। उनके नेतृत्व और प्रशासनिक कौशल के कारण अस्पताल में सैनिकों, नौ सैनिकों और वायु सैनिकों के कल्याण के लिए बड़ी संख्या में अत्याधुनिक संरचनात्मक परियोजनाएं शुरू हुईं। वर्ष 1987 में साल्टोरो रिज पर पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले के दौरान उत्कृष्ट पेशेवर तरीके से युद्ध में हताहतों को संभालने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। युद्ध में विशिष्ट सेवा प्रदान करने के लिए वर्ष 1989 में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। अशोक जिंदल 19 फरवरी से एम्स के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं।

## आरुग चौरा की कार्यशाला और काव्य गोष्ठी कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा के विस्तार तथा मातृभाषा में पढ़ाई-लिखाई को बढ़ावा देने समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों में जागरूकता लाने का सतत प्रयास जारी है। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर आरुग चौरा, छत्तीसगढ़ी काव्य कला मंच द्वारा 21 जुलाई रविवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर छत्तीसगढ़ी साहित्यिक सांस्कृतिक मासिक कार्यशाला एवं काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 से प्रेस क्लब रायपुर में होगा। प्रथम कार्यशाला के प्रवक्ता वरिष्ठ लोक साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव होंगे। कार्यक्रम के संयोजक ईश्वर साहू आरुग ने बताया कि प्रदेशभर से सैकड़ों साहित्यकार इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिवंश सिंह मिरी संयुक्त कलेक्टर दुर्ग, विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार एवं डॉ. वैभव बेमेतरिहा महासचिव रायपुर प्रेस क्लब होंगे।

## पेज 9 के शेष

### माइनिंग और...

को झूठे केस में फंसाए जाने का आरोप लगाया, जबकि जांच एजेंसी के वकील ने कोर्ट को बताया कि जिन लोगों को सट्टा एप मामले में तथा माइनिंग घोटाला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

### उमस ने किया...

नहीं हुई है, जिसकी वजह से निकलने वाली धूप में तेजी महसूस हो रही है। अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक होकर 36.2 तक पहुंच चुका है। वातावरण में अभी 90 फीसदी से ज्यादा आर्द्रता मौजूद है, जो भारी मात्रा में उमस का कारण बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि कल से उमस की परेशानी से राहत मिलने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम ओडिशा तट और उसके बाद छत्तीसगढ़ की तरफ आकर कमजोर हो जाएगा। इसके प्रभाव से यहां मध्य छत्तीसगढ़ और मध्य पूर्व तथा दक्षिणी भाग में भारी वर्षा होने की संभावना बन रही है। इसके साथ अधिकतर इलाके में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

### जेल से छूटने पर...

कर दिया, जो बाद में जमानत पर जेल से रिहा हो गया। युवती के पिता ने पुलिस को बताया है कि जेल से छूटने के बाद खिर सिंधू केस वापस लेने लगातार दबाव बना रहा था। केस वापस लेने से इनकार करने पर बाजार जाते समय खिर सिंधू ने युवती के पिता का रास्ता रोक चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गया।

# पुलिस पर अपने लोगों ने हमला किया बचाव के लिए टियर गैस के गोले दागने पड़े

## शांति बनाए रखने मौके पर एसडीएम, तहसीलदार को मौके पर पहुंचना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- बलवा, आपात स्थिति से निपटने पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

पुलिस लाइन में राह चलते लोग यह देख दंग रह गए कि पुलिसकर्मी आपस में लड़ रहे हैं। एक दूसरे पर डंडों से वार करने के साथ पत्थरबाजी कर रहे हैं। कुछ पुलिसकर्मी अपने बचाव के लिए टियर गैस दाग रहे हैं। मौके पर उपस्थित एसडीएम तथा तहसीलदार को मोर्चा संभालना पड़ रहा है और शांति बनाए रखने अनाउंसमेंट करना पड़ रहा है। लोग जो देख रहे थे, वह पुलिस अभ्यास का हिस्सा था। आपात स्थिति तथा बलवा से निपटने पुलिस मॉक ड्रिल कर रही थी, आपात स्थिति आने पर उन्हें दंगाइयों से कैसे निपटना है।

पुलिस ने यह मॉक ड्रिल एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर किया। बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई। इसमें टियर गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा निर्देश दिए गए।



### उग्र भीड़ से निपटने प्रशिक्षण

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारी बनाए गए। प्रदर्शन के दौरान लोगों को कैसे समझाइश दी जाए, इसके बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने आए लोग पुलिस पर हमला बोल पथराव कर दें, तो उस समय पुलिस को क्या करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों को बताया गया कि उग्र प्रदर्शनकारियों को पहले समझाना चाहिए। समझाइश के बाद भी बात नहीं बने, तो हल्का बल प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं समझें, तो मजिस्ट्रेट के आदेश पर लाठी चार्ज के साथ भीड़ को रोकने टियर गैस के गोले दागना चाहिए। इस अभ्यास में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजपत्रित पुलिस अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी के अतिरिक्त अधिकारी, कर्मचारी मॉक ड्रिल में शामिल हुए।

## पत्रकारों और परिजनों ने स्वास्थ्य शिविर में कराई जांच

**रायपुर।** प्रेस क्लब में गुरुवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं निशुल्क दवा वितरित की गई, जिसका बड़ी संख्या में पत्रकार और उनके परिजनों ने लाभ उठाया। होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक एवं डेंटल के निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पत्रकार सदस्यों व परिजनों ने बीपी, शुगर, ईसीजी, बीएमआई (हड्डी की जांच) की जांच कराई। शिविर में डॉ. एके चौरसिया (एमडी), डॉ. एस. चौरसिया (एमएस), डॉ. पिंकी चौरसिया (एमडीएस) ने जांच की एवं स्वास्थ्य सलाह दी। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि प्रेस क्लब सदस्यों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अध्यक्ष श्री ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी व अरविंद सोनवानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर में जांच कराने आए सदस्यों और परिजनों के प्रति भी आभार जताया।




## शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता महेश कुमार शुक्ला पिता श्री चन्द्रशेखर शुक्ला निवासी ग्राम व पोस्ट माढ़र जिला- रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सही एवं सत्य है।
02. यह कि मैंने मेरे पुत्र विशिष्ठ कुमार शुक्ला के नाम पर एक एल.आई.सी. पॉलिसी बनवाई है जिसका नंबर 387039939 है जिसमें कि उसका घरेलु नाम शरद कुमार शुक्ला दर्ज हो गया है जबकि उसके समस्त शासकीय एवं स्कूल रिकार्ड में उसका नाम विशिष्ठ कुमार शुक्ला दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।
03. यह कि शरद कुमार शुक्ला एवं विशिष्ठ कुमार शुक्ला दोनों एक नाम मेरे पुत्र के हीं नाम है यानि एक ही व्यक्ति का नाम है किसी अन्य के नहीं।
04. यह कि अब मैं मेरे उक्त पुत्र का नाम सहीं नाम विशिष्ठ कुमार शुक्ला उक्त पॉलिसी में दर्ज करवाना/सुधरवाना/अपडेट कराना चाहता हूं जिसके लिए संबंधित विभाग के जो भी नियम एवं शर्ते होगी वह मुझे मान्य होगी।

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त कथन मेरे स्वंय के ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है व आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

शपथकर्ता

## // ईश्तहार //

**पत्र.क्र./11395/ न.पा.नि./जोन क्र. 10/ 2024 रायपुर, दिनांक 22.05.2024**
**नामांतरण प्र.क्र. 11395**
**वार्ड का नाम-53- बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651J01410 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती JAGDISH CHHUGANI पिता/ पति श्री/श्रीमती N.R. CHHUGANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती JANKI SINHA पिता/ पति श्री/श्रीमती BHUKHAN LAL SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ registryandb1 / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है । यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करे ।

**श्री दिनेश कोसरिया**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दिनेश साहू, पिता संतराम साहू निवासी - सताब्दी नगर, सक्ती धाम मंदिर के पास, तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. द्वारा खिलेश्वर, पिता खेदूराम साहू एवं सतीशकुमार, पिता खेदूराम साहू निवासी धमतरी रोड़ गांधी चौक, देवपुरी रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक में दर्ज भूमि ग्राम मानिकचौरी प.ह.न. 24, रा.नि.म. नवापारा, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.न. 641 रकबा 0.2100 हे. को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदातय कर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया है तथा शेष राशि विक्रय पंजीयन के समय विक्रेता को उप पंजीयक कार्यालय में चेक/आनलॉईन के माध्यम से भुगतान किया जायेगा ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेंवे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

दिनांक - 20/07/2024
स्थान - अभनपुर

**सुरेश कोसरे**
**अधिवक्ता रायपुर छ.ग.**
**पता-शॉप नं. 23, कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर 29, नया रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 79878 65054**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

## // ईश्तहार //

क्रमांक/क/वाचक/तहसीलदार/रायपुर/2024 रायपुर, दिनांक 18/07/2024
ग्राम शंकरनगर प.ह.नं. 110/63,

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अमृता समीर गुंडावर पति श्री समीर गुंडावर हाल मुकाम ए-205, इरिस सोसायटी, ऑफ मेन बनेर रोड, बालेवाडी, सिनजेंटा, आई.टी. पार्क के पीछे, पुणे महाराष्ट्र द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के समक्ष छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि ग्राम शंकरनगर प.ह.नं. 110/63 रा.नि.मं. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1133/33 एवं शामिलात भूमि 1134/33, 1135/33, 1138/33, 1319/33 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका का नाम विवाह के पूर्व कु. अमृता नीले था एवं उसी नाम से विक्रय विलेख निष्पादित किया गया तदुपरांत राजस्व अभिलेखों में कु. अमृता नीले, पिता श्री मोहन नीले के नाम पर दर्ज है। अतएव उक्त भूमि से कु. अमृता नीले के नाम के स्थान पर श्रीमती अमृता समीर गुंडावर दर्ज करने हेतु आवेदिका द्वारा निवेदन किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक **05/08/2024** को होगी ।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक **05/08/2024** को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

(मुहर)
**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**


# एमकॉम में 89% उत्तीर्ण, राजनीति विज्ञान में 96% सफल

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को विभिन्न स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। स्नातक की तुलना में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के परिणाम बेहतर रहे हैं। जारी नतीजों के अनुसार, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में 88.72% तथा एमए राजनीति विज्ञान में 95.69% छात्र सफल रहे हैं। इसके अलावा रविवि ने एमए पर्यावरण विज्ञान के परिणाम भी जारी किए, जो 72.73% रहे। घोषित परिणामों के मुताबिक, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 780 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 692 छात्र सफल रहे। 6 को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 14 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है, जबकि 68 छात्रों के परिणाम विविध कारणों से रोके गए हैं। एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में 766 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से 722 उत्तीर्ण, 7 अनुत्तीर्ण, 25 एटीकेटी रहे। एक छात्र के परिणाम रोके गए हैं। एमए पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा में मात्र 11 विद्यार्थी ही शामिल हुए।

### पुनर्मूल्यांकन में मात्र एक नतीजे में बदलाव

बीएससी तृतीय वर्ष के पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना परिणाम भी रविवि ने जारी कर दिए हैं। मात्र एक छात्रा के नतीजे में बदलाव हुआ है। छात्रा को अनुत्तीर्ण से पूरक श्रेणी में रखा गया है। इन परिणामों के अतिरिक्त रविवि ने प्रवेश परीक्षा संबंधित अधिसूचना भी जारी की। एलएलएम और एमएड के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जुलाई को आयोजित होगी। ऑनलाइन माध्यम से यह परीक्षा ली जाएगी। छात्र रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




## खबर संक्षेप



### नक्सल इलाके के चार खिलाड़ी अब राज्य अकादमी में सीखेंगे तीरंदाजी के गुर

**रायपुर।** वनवासी विकास समिति की कोचिंग से नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कोण्डागांव जिले के चार युवाओं का चयन राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी के लिए हुआ है। अब चारों खिलाड़ी राज्य सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में तीरंदाजी की बारीकियां सीखेंगे। इन चारों तीरंदाजों को एकलव्य खेलकूद प्रकल्प में रायपुर में वनवासी विकास समिति के प्रशिक्षकों ने ट्रेनिंग दी है। इनका चयन रायपुर में राज्य के सभी जिलों के 13 से 17 वर्ष आयु के खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट एवं खेल कौशल प्रशिक्षण और प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### मध्यानी बने युवा विंग प्रदेश उपाध्यक्ष

**रायपुर।** प्रेमप्रकाश मध्यानी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत युवा विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी की सहमति से युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष विकास रूपरेला व प्रदेश महासचिव महेश आहूजा ने यह नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों ने हर्ष जताया है।



### केयर स्किल के 10 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण का समापन



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा शनिवार को बनियान-133 बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 10 दिवसीय मेहंदी कक्षा का समापन किया गया। इसमें 13 प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा 9 जुलाई से प्रारंभ की गई थी। प्रशिक्षिका प्रज्ञा देवांगन ने शुरुआत में मेहंदी के बेसिक गुण सिखाए। उसके बाद प्रोफेशनल तरीके से मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण दिया। फाउंडेशन द्वारा सभी अभ्यर्थियों को ड्राइंग शीट, पेंसिल किट एवं मेहंदी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला।

### शिवसैनिकों ने फूंका गो-तस्करों का पुतला

**रायपुर।** शिवसेना शिंदे गुट जिला इकाई ने प्रदेश में बढ़ रही गो-तस्करी के मामलों को लेकर विरोध जताया और गो-तस्करों का पुतला दहन किया। इस मौके पर शिवसैनिकों ने कहा कि प्रदेश में लगातार गो-तस्करी के मामले बढ़ रहे हैं और वे सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। गो-तस्करों का पुतला जलाकर उन्हें चेतावनी दी गई है कि वे ऐसे कार्य न करें। पुतला दहन के दौरान संजय सोनकर, संजू साहू, अमर नायक, राहुल राजपूत, गोविंदा साहू, रोशन साहू, राज यादव, पाण्डु साहू, सोमनाथ निषाद समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# राजधानी से आगे नहीं बढ़ पाया दांतों की बीमारी से पीड़ितों की पहचान का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दांतों की बीमारी से पीड़ित लोगों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों अथवा अस्पताल तक भेजने सर्वे अभियान की योजना राजधानी से आगे नहीं बढ़ पाई।

- सरकारी संस्थानों में दंत चिकित्सकों और संसाधन की कमी बड़ी वजह

खास खबर


दो साल पहले इस योजना को राजधानी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया था, जहां यहीं दम तोड़ गई। सूत्रों के मुताबिक सरकारी संस्थानों में दंत चिकित्सकों के साथ उपचार संबंधी संसाधनों की भारी कमी है। इसकी व्यवस्था तमाम हमर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जाना था मगर इस पर अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। कुछ इसी तरह का हाल अन्य जिलों में भी है और मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाकर इसके लिए पैसे खर्च करना पड़ता है। प्रदेश में दांतों की समस्या से पीड़ित मरीजों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। खानपान की लापरवाही, तंबाकू का सेवन और उचित देखभाल के अभाव में हर दूसरा व्यक्ति दांतों की परेशानी झेल रहा है।

इस तरह की समस्या का समाधान करने के लिए दो साल पहले दांत की समस्या से पीड़ित लोगों की एएनएम और मितानिन की मदद से पहचान कर स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने की योजना बनाई गई थी। राजधानी में इसका पायलट प्रोजेक्ट भी लागू किया गया मगर बड़ी सफलता नहीं मिल पाई और योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

## पायलट प्रोजेक्ट में ही दम तोड़ गई दो साल पहले बनाई गई योजना

### पद भी खाली

प्रदेश में दांतों की बीमारी बढ़ती जा रही है मगर सरकारी अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति पर गंभीरता नहीं बरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार राज्य में दंत चिकित्सक के केवल 137 पद स्वीकृत है, जिसमें से 106 पदों पर नियुक्ति हुई है और 31 पद खाली पड़े हैं। दांतों की बीमारी का बेहतर इलाज निजी अस्पतालों पर निर्भर है।



### ट्रेनिंग भी काम नहीं आई

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार राजधानी में यह सर्वे एक महीने तक किया गया था मगर बड़ी सफलता नहीं मिली थी। विशेष से ही सौ लोगों को काउंसिलिंग कर दांतों की जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों तक भेजा गया था। इसके बाद अन्य जिलों के जिम्मेदारों को इस बारे में ट्रेनिंग दी गई थी मगर वहां काम प्रारंभ नहीं हो पाया और योजना धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चली गई।

## 34.576 गाड़ी मालिकों का ट्रैफिक पुलिस नहीं खोज पाई पता

# आरसी बुक में एड्रेस गलत व मोबाइल नंबर नहीं पांच साल से फंसा है ई-चालान का 1.72 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रांग साइड गाड़ी चलाने और चौराहों पर ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले अब ट्रैफिक पुलिस के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए हैं। इनका आरसी बुक में एड्रेस गलत होने व मोबाइल नंबर नहीं होने से ई-चालान बनाने के बाद ट्रैफिक पुलिस अब तामील कराने के लिए भटक रही है। विगत पांच साल में ऐसे 34 हजार 576 गाड़ी मालिकों पर पुलिस ने 1.72 करोड़ का जुर्माना किया है। गाड़ी मालिक पकड़ में नहीं आ रहे इसलिए रिकवरी भी अटक गई है।

हरिभूमि सरोकार

नई-पुरानी गाड़ियों का ई-चालान ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोज किया जा रहा है, लेकिन ई-चालान घर पहुंचाना अब बड़ी चुनौती है। जिनके पास पुरानी गाड़ियां हैं, उन्होंने गाड़ी खरीदते समय घर का एड्रेस गलत दिया। उनका मोबाइल नंबर भी आरटीओ के रिकार्ड में दर्ज नहीं होने से गाड़ी मालिकों से ई-चालान की तामिल कराने में दिक्कते आ रही है।

डाकिया से ई- चालान वापस मिलने पर पुलिस अमले को पसीना बहाना पड़ रहा है। साल 2023 में 34 हजार 576 गाड़ियों के चालान की तामिल नहीं होने से जुर्माना राशि की रिकवरी अटकी है। जिले में पुरानी गाड़ियों की संख्या लाखों में है। इनका उपयोग लोग अभी भी कर रहे है। ऐसे वाहन चालक चौराहों पर सिग्नल जम्प करने के साथ रांग साइड चलने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

### 5 साल से भी पुरानी समस्या

जिन गाड़ी मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, उनसे रिकवरी नहीं होने से कार्रवाई भी बेअसर है। वजह जांचने पर पता चला कि जिन लोगों के पास पुरानी दोपहिया या कारें हैं, ऐसे लोगों द्वारा गाड़ी खरीदते समय आरसीबुक में गलत पता लिखवाया गया है। गाड़ी मालिक का संपर्क नंबर नहीं होने से ई-चालान का मैसेज भी नहीं जा रहा है। समस्या पांच साल से ज्यादा पुरानी है,इससे छुटकारा भी नहीं मिला है। मार्च 2019 से इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमस) लागू है।



### आईटीएमएस से पकड़ रहे खामी

शहर के चौक-चौराहों सहित 55 स्थानों पर कैमरे लगाकर आईटीएमएस से मानीटरिंग करते हुए जवानों द्वारा रोज करीब तीन सौ वाहन चालकों की लापरवाही कैमरे के जरिए पकड़ में आ रही हैं। ऐसे वाहन चालकों के मोबाइल पर तुरंत ई-चालान का मैसेज भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा दिया जाता है। इनमें ऐसे वाहन मालिक पुलिस के लिए सिर दर्द बने हुए हैं, जिनके पास पुरानी गाड़ियां हैं। इसे खरीदते समय आरटीओ को सही पता नहीं दिया और कोई संपर्क नंबर रजिस्ट्रेशन के दौरान दर्ज नहीं किया गया है।

### पकड़े जाने पर जुर्माना जमा..

पुरानी गाड़ियों के ई-चालान की तामिल में दिक्कत आती है। अब ऐसे वाहनों के नंबरों का डाटा तैयार करके मैनुअल जांच में पकड़े जाने पर जुर्माना राशि जमा करवा रहे हैं। ऐसे गाड़ी मालिक क्लेम लेने और उसे बेचते समय भी पकड़ में आ रहे है।

**- गुरजीत सिंह,** डीएसपी, ट्रैफिक, रायपुर

### बेचते समय अब फंसेगा पेंच

जिन पुरानी गाड़ियों का उपयोग करते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, ऐसे लोगों के सामने इन्हें बेचते समय दिक्कत आने वाली है। खरीदी-बिक्री के दौरान आरटीओ से एनओसी लेने का प्रावधान है। जिनकी गाड़ियों का ई- चालान ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया गया है, लेकिन गाड़ी मालिक ने उसे जमा नहीं किया है, उनको गाड़ी बेचने से पहले चालान की राशि जमा करनी होगी, तभी गाड़ी मालिक का नाम ट्रांसफर किया जाएगा। उसे जमा नहीं करने पर कानूनी दिक्कतें भी आने वाली हैं।

**केस 1**

गाड़ी नंबर सीजी-04, सीएक्स-4640, अनिता विश्वर्मा के नाम से है। इनका आरसी बुक में एड्रेस भगवान सिंह, बालाजी नगर, रायपुर लिखा है। मोबाइल नंबर भी नहीं दर्ज है। इनको ई-चालान भेजा गया, मगर डाकिया ही नहीं, पुलिस महकमा भी पता नहीं खोज पाया है, चूंकि वह गलत दर्ज है।

**केस 2**

गाड़ी क्रमांक सीजी-10, एयू-9276 रामेश्वर देवांगन के नाम से रजिस्टर्ड है। आरसी बुक में एड्रेस दुर्गा नगर, बिलासपुर लिखा है। इसमें गाड़ी मालिक का अन्य कोई भी एड्रेस नहीं होने से पोस्टमैन को भी ई-चालान ट्रैफिक पुलिस को लौटाना पड़ा। लोक अदालत में भी बुलाना संभव नहीं हो पाया।

**केस 3**

वहीं सीजी 06 जीक्यू 8394 का रजिस्ट्रेशन परिवहन विभाग के रिकार्ड में राजकुमार यादव के नाम से है। इनके आरसी बुक में एड्रेस की जगह बसना वार्ड, महासमुंद लिखा है। इस एड्रेस पर ई-चालान नहीं पहुंचा, क्योंकि एड्रेस ही फाल्स है। क्षेत्रिय पुलिस भी ई-चालान पहुंचाने में नाकाम रही है।

# मौसम की बेरुखी से बिजली में खपत की गर्मी डिमांड 58 मेगावाट तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून में मौसम की बेरुखी के कारण बिजली की खपत में गर्मी आ गई है। इस समय बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट तक जा रही है। जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है, तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के संयंत्रों में महज 18 सौ मेगावाट के आसपास उत्पादन हो रहा है। 210 मेगावाट के दो यूनिट खराबी के कारण बंद हैं। ऐसे में बिजली की आपूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज 35 से 37 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही है। बिजली की ज्यादा खपत का कारण उमस के कारण एसी और कूलरों के चलने के साथ ही बारिश न होने के कारण कृषि पंपों का चलना भी है।

मानसून के मौसम में इस समय ठीक से बारिश न होने का बड़ा असर बिजली की खपत पर पड़ रहा है। कभी-कभार ही बारिश हो रही है। ऐसे में उमस के कारण गर्मी की तरह ही एसी और कूलर लगातार चल रहे हैं। इनके चलने के कारण खपत का ग्राफ बढ़ रहा है। एसी और कूलरों पर ही रोज की खपत हजार से 12 सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ इस समय बारिश न होने के कारण खेती-किसानी के लिए पानी की जरूरत होने पर प्रदेश भर के करीब छह लाख कृषि पंप भी लगातार चल रहे हैं। कृषि पंपों पर भी रोज की खपत सात से आठ सौ मेगावाट है। ऐसे में मानसून के समय जो खपत चार हजार से कम होनी चाहिए, वह छह हजार के करीब पहुंच गई है।



- अपना उत्पादन कम, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली रोज

बीते साल तो बारिश न होने के कारण खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है। इस बार भी खपत के छह हजार मेगावाट के पार जाने की संभावना है। अगर बारिश नहीं हुई तो कभी भी खपत छह हजार मेगावाट के पार हो जाएगी।

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन इस समय संयंत्रों में उत्पादन महज 18 सौ मेगावाट हो रहा है। एक तो 210 मेगावाट के दो यूनिट बंद हैं। इसी के साथ अन्य संयंत्रों में क्षमता से कम उत्पादन हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से रोज अलग-अलग समय में जरूरत के हिसाब से 35 से 37 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही है।


# सोने के लिए भी एक देश एक कीमत की योजना तस्करी और अवैध कारोबार पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देशभर में सोने की कीमत को लेकर केंद्र सरकार एक देश एक कीमत पर विचार कर रही है। इसको लेकर मंथन चल रहा है। प्रदेश के सराफा कारोबारियों का कहना है, यह योजना अच्छी है। खुले बाजार में सोना सीधा न आने के कारण इससे तस्करी और अवैध कारोबार पर लगाम लगने की पूरी संभावना है। एक ही कीमत होने पर छोटे शहरों के ग्राहकों को इसका फायदा मिलेगा। अभी अलग-अलग शहरों में परिवहन और राज्यों के टैक्स की बात कहते हुए ग्राहकों से ज्यादा कीमत ले ली जाती है। नई पॉलिसी से छोटे शहरों के ग्राहकों को भी महानगरों की कीमत पर ज्वेलरी मिल सकेगी।

प्रदेश के सराफा कारोबारियों का कहना है, देश में ज्यादातर प्रमुख ज्वेलर्स के बीच वन नेशन वन रेट पॉलिसी को लेकर सहमति बन गई है। जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल की इस पहल का मकसद पूरे देश में सोने की कीमत को एक करना है। जेम एंड ज्वेलरी काउंसिल ने पूरे देश में सोने की एक ही दर लागू करने पर सर्वसम्मति से भारत के प्रमुख ज्वेलर्स से राय ली है। अब सितंबर में एक बड़ी बैठक होने वाली है। इसमें बड़े ऐलान की संभावना है। वन नेशन वन रेट पॉलिसी ग्राहकों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। अगर पूरे देश में सोने का एक ही रेट होता है, तो इससे बाजार और ज्यादा बेहतर हो जाएगा। इसके साथ ही पूरे देश में सोने की कीमतों के एक होने से सोने की कीमत में भी कमी आ सकती है। ऐसा होने से ज्वेलर्स के बीच भी उचित प्रतिस्पर्धी माहौल बनेगा। साथ ही अभी जो ज्वेलर्स सोना बेचने पर कई बार मनमानी कीमत वसूलते हैं, उस पर भी लगाम लगेगी।

## छोटे शहर के ग्राहकों को महानगरों की कीमत पर मिल सकेगी ज्वेलरी



### एक ही कीमत होनी चाहिए

केंद्र सरकार की यह योजना अच्छी है, देशभर में एक ही कीमत होने से ग्राहकों को इसका लाभ मिलेगा। सितंबर में होने वाली बैठक में छत्तीसगढ़ एसोसिएशन को भी आमंत्रण मिला, तो जाकर अपनी राय देंगे।

**- कमल सोनी,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### कौन करेगा कीमत तय

सोने की कीमत इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से तय होती है, लेकिन इसके बाद भी देश के अलग-अलग शहरों में कीमत अलग-अलग होती है। नई पॉलिसी के तहत सरकार नेशनल बुलियन एक्सचेंज बनाएगी, जो सब जगह सोने की बराबर कीमतें तय करेगा। ज्वेलर्स को इसी कीमत पर सोना बेचना होगा।

### अवैध कारोबार पर लगेगा अंकुश


राजधानी रायपुर के सराफा कारोबार नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि नई पालिसी से सोने की तस्करी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा। इस समय बाजार में सोना जहां बैंकों की माध्यम से आता है, वहीं खुले बाजार से भी आता है, लेकिन नई पॉलिसी में खुले बाजार में सोना आना बंद होगा। नेशनल बुलियन एक्सचेंज से ही सोना मिलेगा, तो अवैध कारोबार आसान नहीं होगा। इसका पूरा हिसाब रहेगा। इस समय दूसरे देशों से जो सोना आता है, उसका कोई हिसाब-किताब नहीं रहता है। आयात शुल्क के साथ जीएसटी बचाने के लिए दो नंबर में बिक्री होती है। ग्राहकों को ही दस ग्राम सोने में 11 हजार से ज्यादा बच जाते हैं तो वे भी बिल नहीं लेते हैं। निवेश के लिए सोना खरीदने वाले ज्यादातर बिना बिल का ही माल लेते हैं।

## ब्रेकडाउन होने पर रेलवे को तत्काल मिलेगी सूचना

# भनवारटंक टनल में यात्रियों को मिलने लगी वाई-फ़ाई कॉलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग पर बने भनवारटंक टनल में अब यात्रियों को वाई-फाई कॉलिंग की सुविधा मिलने लगी है। रेलवे ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के जरिये यह सुविधा दी जा रही। इस तरह का प्रयोग पहली बार जोन के किसी टनल पर किया गया है। इससे यात्रियों के साथ परिचालन से जुड़ी सूचना प्रेषित करने में भी रेलवे को सहूलियत मिलने लगी है। भनवारटंक-खोडरी सेक्शन पर यह टनल 117 साल से मजबूती के साथ खड़ा है। घने वन और पहाड़ों के बीच अंधेरी गुफा का रोमांच यात्रियों को आनंदित कर देता है। यह सफर अब और सुरक्षित व आसान हुआ है।



- अंग्रेजों के दौर में बना था भनवारटंक टनल, घने वन और पहाड़ होने से नहीं मिलता था नेटवर्क

### अब मिलेगी तत्काल सूचना

भनवारटंक-खोडरी सेक्शन 100 साल से भी अधिक पुराना व सर्वाधिक जटिल माना जाता है। विषम परिस्थितियों के कारण इस रूट पर उचित संचार माध्यम की अनुपलब्धता दपूमरे रेलवे के लिए कई वर्षों से चुनौती रही है। डबल लाइन से युक्त इस सेक्शन में चढ़ाई, घने जंगल तथा अन्य कारणों से किसी भी प्रकार का ब्रेकडाउन होने की स्थिति में संचार का उचित माध्यम नहीं होने से पहली सूचना मिलने में लंबा समय लग जाता है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मंडल के संकेत एवं दूरसंचार विभाग द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए इस सेक्शन में मौजूद भनवारटंक डाउन लाइन टनल के पास एक गुमटी में आप्टिकल फाइबर नेटवर्क के जरिए वाई-फ़ाई कालिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### ब्रेकडाउन की जानकारी अब झटपट

गुमटी में 30 मीटर के दायरे में जो कि इस दुर्गम भनवारटंक-खोडरी सेक्शन के बीच डाउन लाइन में टनल के समीप स्थित है, वहां सीधे मोबाइल से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। न केवल वॉइस कॉलिंग, बल्कि वाट्सएप एवं अन्य ऐप का उपयोग कर सीधे साइड से सभी जानकारी आसानी से साझा की जा सकती है। ब्रेकडाउन की जानकारी जल्दी मिलने से विफलताओं को त्वरित ठीक किया जा सकेगा। इससे परिचालन को आसानी से सुचारू किया जा सकेगा। मौजूदा समय में स्मार्टफोन में मोबाइल नेटवर्क अनुपलब्ध होने की स्थिति में भी वाई-फ़ाई के जरिये वाइस कालिंग तथा अन्य प्रकार का संचार आसानी से संभव होता है। इसी तकनीक का उपयोग कर रेलवे ने अपने नेटवर्क को दुर्गम पहाड़ियों के बीच बेहद कम समय में सेक्शन के रेलवे कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध इंजीनियरिंग गुमटी तक पहुंचाया है।



## बिजनेस साइट

# रावतपुरा यूनिवर्सिटी में निबंध प्रतियोगिता



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 'विकसित छत्तीसगढ़ः मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों से 50 से अधिक विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें सर्वश्रेष्ठ 3 निबंध का चयन कर उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर भेजा जाएगा, जिसमें से राज्य के विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से आए निबंधों में से सर्वश्रेष्ठ निबंध लेखक विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। निबंध आयोजन का संचालन डॉ. सत्यज तिवारी ने किया। यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एसके सिंह, कुलसचिव सौरभ शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

- 50 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

# हर्षित लैंडमार्क में रक्तदान शिविर



**रायपुर।** सार्थक ब्लड एंड कम्पोनेंट सेंटर और हर्षित लैंडमार्क रेजिडेंसियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन हर्षित लैंडमार्क, हीरापुर में किया गया। इस अवसर पर सिंघानिया ग्रुप के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर सुबोध सिंघानिया ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर श्री सिंघानिया ने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। शिविर में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 15 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन नियमित अंतराल पर होते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके और जरूरतमंदों की मदद की जा सके।



# पुरानी लाइन बंद, नई लाइन से कनेक्टिविटी 3 हजार घरों में 2 दिन से नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिरगांव में गर्मी ही नहीं, बल्कि बरसात में भी पेयजल की समस्या से लोगों को मुक्ति नहीं मिली है। बुधवार शाम से मठपारा टंकी से जुड़े पुराने नल कनेक्शन धारकों के घरों में पानी की एक बूंद नहीं पहुंच रही है। इससे तीन हजार से ज्यादा परिवार परेशान हैं। प्रभावित परिवारों को आसपास के सार्वजनिक बोर से पानी भरना पड़ रहा है।

राजधानी में ही नहीं, बल्कि इससे सटे बिरगांव निगम के वार्ड क्रमांक 10 के आधे हिस्से में बुधवार शाम से मठपारा पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। इससे वार्ड क्रमांक 20 से लेकर 27 तक 5 हजार से ज्यादा घरों में सप्लाई दिया जाता है। जिन कनेक्शन धारकों के यहां पुरानी लाइन से पेयजल आपूर्ति दी जाती थी, उसे बंद करके अब नई लाइन से कनेक्ट करने के लिए काम जारी है। इस वजह से पुराने कनेक्शन धारक प्रभावित हैं। निगम सूत्रों ने बताया कि अडवानी स्कूल परिसर में बनाई गई नई टंकी और मठपारा टंकी से जुड़े लोगों को अलग किया जा रहा है।

इसके लिए कनेक्टिविटी में भी बदलाव किया जा रहा है।




### जल्द दूर की जाएगी समस्या

मठपारा और अडवानी स्कूल की पानी टंकी से जुड़े लोगों को नई लाइन से कनेक्ट करने की प्रक्रिया जारी है। इससे पुराने नल कनेक्शन प्रभावित है। जल्द ही लोगों की इस समस्या को दूर किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी कर्मियों को निर्देश दिया है।

**- इकराम अहमद,** अध्यक्ष, जल प्रदाय विभाग, नगर निगम, बिरगांव

### व्यवस्था में बदलाव से संकट

जल प्रदाय विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पुरानी व्यवस्था के तहत मठपारा टंकी से 11 वार्ड के 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े थे। अब अडवानी स्कूल में नई टंकी बनने से उपभोक्ताओं को डिवाइड करने की प्रक्रिया के चलते व्यवस्था में बदलाव से जल संकट की स्थिति है। इसे दूर करने के लिए मेन लाइन की कनेक्टिविटी टंकियों से बदली जा रही है। इससे नल के फोर्स की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी।



02
देशभर की नृत्य विधाएं एक मंच ....

## लाइव इवेंट

# मठ का इतिहास 200 साल पुराना, बनती थी योजनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हेरिटेज वॉक द्वारा विरासत वॉक श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लिली चौक स्थित अनेक धार्मिक व ऐतहासित स्थलों की व्याख्या की गई। वॉक यात्रा में नागरीदास मंदिर, बावलीवाले हनुमान, जैतूसाव मठ व टूरी हटरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का भ्रमण किया गया। इस दौरान एनआईटी, आईआईएम, युवा पर्यटन क्लब और एनसीसी की 27वीं छत्तीसगढ़ बटालियन के कैडेट शामिल हुए। कार्यक्रम में मिशन लाइफ के 'ट्रैवल फॉर लाइफ' की योजना पर चर्चा हुई। जिसमें स्थायी पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने की बात कही गई। श्रृंखला की अंतिम वॉक शुक्रवार 26 जुलाई को सुबह 8 बजे आयोजित की जाएगी। 99680-41077 पर संपर्क कर निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।

### नई पीढ़ी में हो विरासत के लिए सजगता



इसमें 70 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। आयोजन भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के बीच शहर की ऐतिहासिक विरासत के मूल्यों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए रखा गया। इको-टूरिज्म के डॉ.आलोक साहू ने व्याख्यान में कहा, जैतूसाव मठ का इतिहास 200 वर्ष से अधिक वर्ष पुराना है। यहां कभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैठककर अपनी योजनाएं बनाया करते थे। यह मठ आजादी की लड़ाई लड़ने वाले प्रदेश समेत देश भर के कई बड़े राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ रहा है। विरासत वॉक श्रृंखला में एनआईटी के डॉ. गोवर्धन भट्ट, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड से चंद्र मोहन शर्मा, संदीप साहू, दुर्गा कन्या महाविद्यालय से डॉ.लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा, अगोरा ईको टूरिज्म से भाग्येश दुबे, सेजल दुबे मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## मानसून में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने बांध, पहाड़ों व झरनों की ओर रुख कर रहे हैं पर्यटक

# बारिश में लुभाने लगी वॉटर फॉल की खूबसूरती, बस्तर गरियाबंद में सर्वाधिक प्रपात, इसलिए यहां भीड़ अधिक

पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद अब पर्यटकों को अब एक बार फिर प्रदेश के वॉटर फॉल की खूबसूरती लुभाने लगी है। बड़ी संख्या में लोग साप्ताहिक छुट्टी मनाने के लिए बांध, पहाड़ों व झरनों की ओर रुख कर रहे हैं। यहां की प्रकृति का मनोरम दृश्य और चारों ओर हरियाली लोगों को सुकून दे रही है। इन दिनों बारिश के बाद बारनवापारा, कांकेर, बस्तर, गरियाबंद, कर्वधा समेत सिहावा समेत अन्य जिलों के पर्यटन स्थल गुलजार हो चुके हैं।

**रायपुर।** रोजाना बड़ी संख्या में लोग राजधानी समेत अन्य जिलों से पहुंच रहे हैं। इन दिनों ज्यादतर लोग ऐसे वॉटर फॉल में जाना चाहते हैं, जो रायपुर से 80 से 100 किमी के दायरे में है। ताकि एक दिन में भ्रमण कर लौट सकें। पर्यटन व वन विभाग से मिली जानकारी मुताबिक, रायपुर से धसकुंड, सिद्धखोल, देवधारा, आमाझरिया, कूटन नाला जलप्रपात, चिंगरा पगार समेत घटारानी और झरझरा वॉटर फॉल में इन दिनों हजारों की संख्या में पर्यटकों प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। सभी जलप्रपात राजधानी से 100 किमी से भी कम दूर पर है। पर्यटन विभाग के मुताबिक, प्रदेश में सर्वाधिक वॉटर फॉल कांकेर और बस्तर संभाग में है। यहां बारिश में 40 से अधिक छोटे व बड़े वॉटर फॉल देखने को मिल जाते हैं। वर्तमान में गरियाबंद, बलौदाबाजार व कसडोल समेत कवर्धा क्षेत्र में पर्यटक अधिक पहुंच रहे हैं। इस जिलों में 6 से अधिक वॉटर फॉल हैं। रायपुर से दूरी कम होने लोग यहां आना पसंद कर रहे हैं।





### अगस्त में शिशुपाल पर्वत व माड़ोसिल्ली की बढ़ेगी खूबसूरती

प्रदेश में कई जगहों पर औसत से कम बारिश होने के कारण भी जलप्रपात में पानी फिलहाल कम है। महासमुंद जिले में स्थित शिशुपाल पर्वत के घोड़ाधार जल प्रपात में अगस्त के बाद पूरे शबाब में रहेगा। जानकारी मुताबिक, वर्तमान में जलप्रपात में पानी कम है। तेज बारिश के बाद ही यहां जलप्रपात का मनोरम दृश्य देखने मिलेगा। इसके अलावा गोमर्डा अभयारण्य का माड़ोसिल्ली जलप्रपात की खूबसूरती भी अगस्त के बाद देखने को मिलेगी। बारिश कम होने से यहां झरना की ऊंचाई कम बताई जा रही है। अगस्त और सितंबर में यहां करीब 60 से 80 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है, जो नीचे आकर अन्य कई छोटे झरने में तब्दील होता है।

### रिसोर्ट में वीकेंड के लिए एडवांस बुकिंग

बारिश में बड़ी संख्या में पर्यटक भ्रमण करते हैं। वर्तमान में बारनवापारा, बस्तर, मैनपाट समेत चिल्फी घाट व कुरदर समेत अन्य हिल स्टेशनों के रिसोर्ट पर्यटकों से गुलजार हो चुके हैं। इन जगहों पर प्रदेश के बड़े वॉटर फॉल जगदलपुर में है, जिसमें चित्रकोट, तामड़ा घुमर झरना, मेन्द्री घूमड़, चित्रधारा समेत बिजकुडुम व तीरथगढ़ वॉटर फॉल है। मानसून में बस्तर का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित कर रहा है। पर्यटन विभाग के रिसोर्ट में साप्ताहित छुट्टी के दिनों में एडवांस बुकिंग है। 15 अगस्त के लिए इन क्षेत्रों के 13 रिसोर्ट की बुकिंग फुल बताई जा रही है। रिसोर्ट में पर्यटकों के लिए छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य और संगीत का आयोजन किया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, बीते 4 साल में 81 हजार 957 पर्यटकों ने विभाग के रिसोर्ट में ठहकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को करीब से देखा है।

### ट्रैकिंग का भी आनंद

मैनपुर अंचल में भी जलप्रपातों का सौंदर्य लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहां देवधारा और बोतल आकार का वॉटर फॉल देखने दूर- दूर से लोग पहुंच रहे हैं। बारिश के बाद बोतल धारा जलप्रपात को करीब से देखने के लिए लोकल टूरिस्ट गाइड की मदद से पर्यटक ट्रैकिंग का आंनद भी ले रहे हैं। लगभग दो किलोमीटर से बोतल के आकार जलप्रपात को देखा जा सकता है। गाइड भूपेंद्र यादव ने बताया कि लगभग 10 किलोमीटर पैदल दुर्गम पहाड़ी रास्तों को पार कर यहां पहुंचते हैं। बारिश के बाद युवाओं का समूह यहां पहुंचने लगा है। बारिश में ट्रैकिंग यहां आसान नहीं होता है। पैर फिसलने पर पर्टयक घटनाओं के शिकार भी हो सकते हैं।



### छोटे जल प्रपात में भी रोजाना सैकड़ों की भीड़

*प्रदेश के बड़े वॉटर फॉल के साथ-साथ छोटे जलप्रपात में भी पर्यटकों की बड़ी संख्या में भीड़ पहुंच रही है। गरियाबंद क्षेत्र के चिंगरा पगार समेत घटारानी इनदिनों में हजारों की संख्या में लोग जलप्रपात का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा सिरपुर क्षेत्र में धसकुड़ जलप्रपात में 15-20 फीट ऊंचाई से पानी गिरता है, जो सैलानियों को खूब पसंद आ रहा है। कसडोल क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच कुटन नाला व सिद्धखोल जलप्रपात में भी रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं। यहां सितंबर महीने तक काफी भीड़ होती है। यहां पानी लगभग 18-20 फीट से नीचे गिरती है।*

## आराधना

# अष्टान्हिका पर्व में जुटे भक्त आठ दिनों तक स्त्रोत पाठ



**रायपुर।** डीडी नगर स्थित 1008 श्री वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में आदिश्वर महिला मंडला द्वारा स्त्रोत पाठ का आयोजन किया गया। इस कड़ी में रोजाना रात्रि 8 बजे पाठ किया जा रहा है। 21 जुलाई को समापन स्त्रोत पाठ का आयोजन शहर स्थित प्रत्येक जैन मंदिरों में किया जाएगा। इस दौरान श्री भक्तामर स्त्रोत, श्री कल्याण मंदिर स्त्रोत, श्री वर्धमान स्त्रोत, श्री शांतिनाथ स्त्रोत, श्री नंदीश्वर भक्ति पाठ, छहढाला पाठ, येकीभाव स्त्रोत समाज सदस्यों द्वारा किया जा रहा। स्त्रोत पाठ के मौके पर पवन सेठी, अंकुर जैन, वर्षा जैन, श्रृद्धा जैन, डॉ. मंजुला जैन, रिचा जैन, मीना जैन, अदिति जैन, माधुरी जैन, अमिता संघी उपस्थित रही।

### महापुरुषों के जन्म पर निर्मित होते हैं शुभ संयोग

लाल गंगा पटवा भवन में जैन मुनि सुधाकर व मुनि नरेश कुमार द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया। यह आयोजन जैन तेरापंथ धर्मसघ के प्रथम आचार्य भिक्षु के 299वें जन्मदिन व 267वें बोधि दिवस के अवसर पर हुआ। शुक्रवार सुबह आयोजित प्रवचन में सौ से अधिक भक्तों की भीड़ देखने को मिली। प्रवचन का मुख्य विषय आचार्य भिक्षु के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण अंश रहे। मुनिश्री सुधाकर ने इस दौरान कहा, जब भी इस धरती पर महापुरुषों का जन्म होता है, तब ग्रह-नक्षत्रों के साथ ही अन्य बहुत से शुभ संयोग उपस्थित होते हैं। ऐसा ही शुभ संयोग आचार्य भिक्षु के जन्म के वक्त निर्मित हुआ। उनकी मां ने उनके गर्भ में आते ही 'सिंह' का स्वप्न देखा। आचार्य भिक्षु का जन्म विशेष दैवीय कृपा से मन्नत मांगने पर हुआ। जिसके कारण ही उनका नाम भिक्षु रखा गया। उनमें जन्मजात तीन विशेषताओं के साथ उनके शरीर पर नौ विशेष शुभ चिन्ह थे। उन्होंने अपने वैराग्य जीवन में अत्यधिक संघर्ष किया।



### ... इसलिए आठ दिनों तक होता है पाठ

मंदिर प्रबंधन के मुताबिक, अष्टान्हिका पर्व जैन धर्मावलंबियों द्वारा भक्ति, तप और अनुष्ठान के साथ मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास, फाल्गुन मास और आषाढ़ मास में यह शुभ पर्व मंदिरों में मनाया जाता है। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार,पर्व के दौरान देवता भी स्वर्ग से आकर नंदीश्वर द्वीप में स्थित अकृत्रिम चैत्यालयों, मंदिरों में निरंतर आठों दिन भगवान की भक्ति करते हैं। जिसके चलते प्रदेश एवं देश स्थित प्रत्येक जैन मंदिरों में आठ दिन निरंतर पाठ किया जाता है।

# शिक्षा संग सीखें अन्य विधाएं, इनसे आएगी जीवन में सादगी और अनुशासन

**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय के तत्वाधान में संचालित 'कला केंद्र' में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कला केंद्र के प्रशिक्षाथियों द्वारा गुरु को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर विवेक अग्रवाल ने कहा, गुरु की महिमा का जितना बखान किया जाए कम है।





गुरु और शिष्य को समर्पित भाव संग कार्य करना चाहिए, हर इंसान को शिक्षा के साथ कोई न कोई विधा सीखनी चाहिए, जिससे जीवन में सादगी और अनुशासन बना रहता है। कार्यक्रम के दौरान कथक, ढोलक जैसी अनेक विधाओं पर प्रस्तुति दी गई। गुरुओं के सम्मान में अनेक विधाओं की प्रस्तुति छात्रों ने दी। इस दौरान गुरु भावुक नजर आए।



# 'स्काउटिंग टेस्ट' में जांचा गया विषय ज्ञान, मिली नियमों की सीख

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्काउटिंग जांच शिविर का आयोजन रेल संस्कृति निकेतन में शुक्रवार को किया गया। शिविर का शुभारंभ स्काउटिंग के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस जांच शिविर में विभिन्न विषयों के परीक्षक, स्काउट्-गाइड, रोवर रेंजर्स सहित लगभग 200 शिविरार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर में चयनित बच्चे राज्य स्तरीय जांच शिविर व राष्ट्रपति पुरुस्कार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले जांच शिविर में भाग लेने के पात्र होंगे।



इस जांच शिविर में विभिन्न विषयों की जांच जैसे राष्ट्रगान, झंडा गीत, प्राथमिक चिकित्सा, नियम-प्रतिज्ञा, प्रार्थना गीत, गांठ एवं बंधन, तथा अन्य संबंधित गतिविधियां आदि शामिल हैं। इस दौरान शिविराग्नि महोत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसका संचालन लोकेश ने किया। शिविराग्नि उत्सव का विधिवत शुभारंभ जिला आयुक्त अनुराग कुमार सिंह ने किया गया। इस अवसर पर सहायक जिला आयुक्त यूएसएस राव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविराग्नि में बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

## यादें शेष... नहीं रहे प्रदेश के मशहूर रंग निर्देशक मिर्जा मसूद

कार्नर न्यूज

### लंबे समय तक रहे आकाशवाणी में उद्घोषक

# जेल में लगाया नाट्य शिविर, कैदियों ने बाहर किया था 'जइसन करनी तइसन भरनी' का मंचन

**रायपुर।** प्रदेश के कला जगत को एक और हानि मशहूर रंग निर्देशक और आकाशवाणी में वरिष्ठ उद्घोषक रहे मिर्जा मसूद के रूप में हुई। कुछ दिनों पूर्व जलील रिजवी ने दुनिया को अलविदा कह दिया था। लंबे समय से बीमार चल रहे मिर्जा मसूद वर्तमान में परिवार संग इंदौर में रह रहे थे। 82 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। गुरुवार मध्य रात्रि के पश्चात शुक्रवार तड़के 3 बजे उन्होंने अंतिम सास ली। ना केवल रंगमंच में अपनी निर्देशन क्षमता बल्कि आकाशवाणी में अपने कार्यक्रमों के लिए भी वे जाने जाते रहे हैं। रंगमंच को लेकर उनकी प्रतिबद्धता का आलम यह रहा कि उन्होंने सेंट्रल जेल में बंद कैदियों के लिए भी नाटक शिविर का आयोजन किया था। इसके बाद जेल के कैदियों ने छत्तीसगढ़ी नाटक 'जइसन करनी तइसन भरनी' और 'अंजोर छरियागे' जैसे नाटक को जेल के बाहर पेश किया था। इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। उनके निधन की खबर से कला जगत में शोक का माहौल है।



### मिल चुका है चक्रधर सम्मान

3 अप्रैल को 1942 को उनका जन्म हुआ था। बचपन से ही उन्हें नाट्य कला ने प्रभावित किया। बाल कलाकार के रूप में वे कम उम्र में ही रंगमंच से जुड़ चुके थे। स्कूल और कॉलेज में भी कई नाट्क पेश किए। कला क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य शासन का चक्रधर सम्मान दिया जा चुका है। इसके अलावा चिन्हारी सम्मान भी उन्होंने अपने नाम किया। दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) द्वारा भी उन्हें विशेष सम्मान किया गया। उम्र के अंतिम पड़ाव में भी वे रंगमंच के लिए समर्पित रहे। नाट्य लेखन और निर्देशन का सिलसिला आकाशवाणी में उद्घोषणा के साथ-साथ चलता रहा।

### हबीब तनवीर संग कार्य

हबीब तनवीर के निर्देशन में 1973 में रायपुर में अखिल भारतीय नाच वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। इसमें भी उनकी भागीदारी रही। कई दिग्गजों संग उन्होंने कार्य किया। अपने जीवन में 80 से अधिक नाटकों का निर्देशन उन्होंने किया है। इसमें अंधा युग, सैया भये कोतवाल, विक्रम सैन्धव, जायज़ हत्यारे, हरिश्चन्द्र की लड़ाई, गोदान, शहंशाह इडिपस जैसे सैकड़ों नाटक शामिल हैं।

### प्रथम एशिया कप हॉकी में रहे थे कमेंटेटर

मिर्जा मसूद ने लंबे समय तक इंटरनेशनल और हिंदी ब्रॉडकास्ट कमेंटेटर के रूप में भी काम किया। फर्स्ट एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता पाकिस्तान, पंचम विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता बम्बई, दिल्ली एशियाड 1982, चैंपियन ट्रॉफी कराची पाकिस्तान दक्षिण कोरिया सियोल ओलंपिक 1988 और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिंदी कमेंटेटर की भूमिका निभाई।

इवेंट लाइव

## अपनी क्षमताओं को पहचानें उसे निखारने अपना 100% दें




रायपुर। क्राइस्टचर्च न्यूजीलैंड में कामनवेल्थ गेम्स 2024 में फेसिंग स्पर्धा में उपविजेता रही भारतीय टीम की खिलाड़ी रीबा जैकब का संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में शुक्रवार को अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीबा ने कहा कि अपने अंदर के पसंद को, अपने सपनों को पहचानो और उसे पूरा करने के लिए पूरे जुनून के साथ जुट जाओ। सफलता हर हालत में मिलेगी। स्कूल की बच्चियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि बचपन में एक सर ने कहा कि तुम सिर्फ 10 दिन प्रैक्टिस के लिए मुझे समय दो। मैं तुम्हें नेशनल गेम्स में भेज सकता हूं। उनकी बात को गंभीरता से न लेते हुए भी मैंने अभ्यास शुरू किया और एक के बाद एक दो नेशनल गेम्स में भाग लिया।

### फोन और सोशल मीडिया से दूरी

रीबा ने बताया, इस समय वे केरल के साई हास्टल में रहकर फेसिंग की प्रैक्टिस और पढ़ाई भी कर रही है। यहां के सख्त नियम के अंतर्गत मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से दूर रखा जाता है। सप्ताह में एक दिन कुछ मिनटों के लिए ही परिजनों से बात करने की अनुमति मिलती है। इससे खेल के प्रति हमारा ध्यान नहीं भटकता और एकाग्रता बढ़ती है। रीबा की मां रीमा जैकब ने बताया, मेरे पति बैनी जैकब सुबह इलेक्ट्रीशियन का काम करने जाते हैं। दिव्यांग बालिका विकास गृह प्रभारी प्रसन्न निमोणकर, प्राचार्य मनीष गोवर्धन, श्याम सुंदर खंगन, सुकृत गनोदवाले, रविंद्र ठेंगड़ी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कैंपस लाइव

## छात्राओं ने चुनी मंत्री परिषद निभाएंगे विकास में भूमिका



रायपुर। पेंशनबाड़ा स्थित होलीक्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के मंत्री परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत स्वागत गीत व प्रार्थना के साथ हुई, जिसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई। होनहार छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अनुपम दीवान उपस्थित रहे, जिन्होंने चयनित विद्यार्थियों को तिलक लगातार स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मरिया और उप प्राचार्य मैरी मुख्य रुप से मौजूद रहे।

### श्रेया बनीं प्रधान

प्रधान श्रेया देवांगन को चुना गया। उप प्रधान की जिम्मेदारी अदीतीश्री यादव को मिली। शिक्षा प्रभार सुहानी देवांगन और मेघा मिश्रा को मिला। अनुशासन प्रभारी अक्षरा जैन और कनीज फातिमा रजा बनी। कल्चरल मिनिस्टर ऊर्वशी सिंग व दिव्यांशी मिश्रा को चुना गया। पर्यावरण और स्वास्थ्य का जिम्मा जसकीरत कौर बल को मिला। खेल का प्रभार चाहत खेतपाल और एलिशा नाथन को दिया गया।

सिटी इवेंट

## मेधावियों को प्रेरित करने सम्मान वृक्षारोपण कर सुरक्षा का संकल्प



रायपुर। सरोना स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सरोना में विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश मूणत शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत शाला प्राचार्य श्यामल जोशी और स्थानीय पार्षद राजेश ठाकुर द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया।

### विद्यालय में बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी

प्राचार्य ने शाला प्रतिवेदन पढ़ा, जिसमें उपलब्धियों सहित विविध बिंदुओं का जिक्र किया गया। विधायक राजेश मूणत ने शाला में प्रार्थना शेड के लिए 25 लाख, 10 लाख लाइब्रेरी के लिए 5 लाख कंप्यूटर एवं 5 लाख टाइल्स के लिए सहयोग राशि के रूप में देने की घोषणा की। साथ ही परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा साइकिल वितरण किया गया। विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण भी इस दौरान किया गया। अतिथियों ने उज्जवल भविष्य की प्रेरणा देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन, अन्य राज्यों से शामिल हुए प्रतिभागी

# देशभर की नृत्य विधाएं एक मंच पर, शास्त्रीय संगीत पर सधे हुए कदमों की उम्दा पेशकश

**शुक्रवार को राजधानी में देशभर से नृत्य प्रतिभागी एकत्र हुए, जहां विविध राज्यों की नृत्य कलाएं देखने को मिली। मौका था राष्ट्रीय स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता का। गोविंद लीला कला कौशल द्वारा इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नृत्योपासना में नेशनल लेवल क्लासिकल और सेमी क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता रखी गई थी। डूंडा स्थित डीपीएस स्कूल के ऑडिटोरियम में यह प्रतियोगिता हुई।**








### 200 से अधिक नृत्य प्रस्तुतियां

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में मुंबई से कुचिपुड़ी के कथकली नर्तक समीक्षक विजय शंकर, खैरागढ़ से डॉ. नरेंद्र कुमार ध्रुव कत्थक नर्तक और भरतनाट्यम की नर्तकी मानसी देवांगन शामिल हुए। नृत्योपासना में लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपने मनमोहक नृत्य से दर्शकों से खूब तालियां बटोरी।

रायपुर। यहां भरतनाट्यम, कथकली, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। नृत्य स्पर्धा में कई आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल रहे। कम उम्र के प्रतिभागियों ने भी सधी हुई प्रस्तुति दी। शास्त्रीय संगीत पर सधे हुए कदमों की प्रस्तुति ने निर्णायकों सहित दर्शकों को भी प्रभावित किया।

### गुरु द्वारा सिखाई गई विधाओं का प्रदर्शन



गुरु-शिष्य परंपरा को बनाए रखते हुए शिष्यों ने अपने गुरुओं द्वारा सिखाई गई विधाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश से तरुण शर्मा, डॉ. स्वप्निल कर्महे ,डॉ. आरती सिंह, ओम चंदेल, संगीता कापसे, स्वीटी पगारिया, शालिनी शर्मा, हिमानी साहू, इंदिरा साहू, आकांक्षा नामदेव, डॉ. डीएन बेहरा, कुरूद निवासी जुगराज बाग, भिलाई निवासी डॉ. जी रतीश बाबू, बिलासपुर निवासी प्रीति चंद्रा, लक्ष्मी चौहान, रायगढ़ निवासी दीपिका सरकार, यज्ञांशी साहू, युवराज ,आशना दिल्लीवार, महाराष्ट्र निवासी ऋतुजा प्रशांत के शिष्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार साहू ,सचिव किरण साहू , कार्यक्रम संयोजक ज्योति तिवारी एवं सारिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### बताई गुरु की महत्ता

कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य गुरुओं की महत्ता बताना रहा। गोविंद लीला कला कौशल प्रबंधन के अनुसार, भारतीय संस्कृति के वाहक शास्त्रीय नृत्य को अनेक गुरुओं द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। इसीलिए संस्था द्वारा गुरुओं की महत्ता बताने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के चार गुरु डॉ. राजश्री नामदेव, संघर्ष यदु, तरुण कुर्म एवं ओमकार चौहान को 20 जुलाई शनिवार को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। जिन्हें संगीत एवं नृत्य के अतुल्यनीय और अविश्वसनीय योगदान के लिए सम्मान स्वरुप चयन किया गया है।



## 54 ग्रुप के मध्य अंताक्षरी स्पर्धा सभी पहुंचे पारंपरिक परिधान में

जेसीआई वामंजलि ने रखी ग्रैंड अंताक्षरी प्रतियोगिता







रायपुर। कई ग्रुप में प्रतिभागियों ने जब एक से बढ़कर एक गीत पेश किए जो वृंदावन हॉल किसी फिल्मी फेस्ट का नजर आने लगा। मौका था अंताक्षरी प्रतियोगिता का। जेसीआई वामंजलि ने 2 दिनों का अंताक्षरी और ग्रैंड तंबोला का प्रोग्राम वृंदावन हॉल में रखा। इसमें जिसमें 54 ग्रुप आए। हर ग्रुप में 4 लोग थे। इस तरह से 250 लोगों ने विविध गानों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। ना सिर्फ आवाज बल्कि कपड़ों पर भी प्रतिभागियों ने विशेष ध्यान दिया। अलग-अलग क्षेत्र की वेशभूषा में टीम समस्य पहुंचे रहे। इससे सभी राज्यों की झलक कार्यक्रम में देखने मिली। अंताक्षरी के अलावा बेस्ट ड्रेस, बेस्ट स्लोगन, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट सिंगर, बेस्ट एक्टिव पर्सन जैसे टाइटल भी दिए गए। 54 में से 12 टीमों का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ है।



### ब्लाइंड ग्रुप की गायकी ने मोहा

कार्यक्रम में शामिल 54 ग्रुप में से एक ब्लाइंड ग्रुप 'अराध्या' रहा। उनके द्वारा पेश किए गए गीतों ने सभी को मोह लिया। सुमधुर आवाज में नए-पुराने गाने उन्होंने पेश किए। शनिवार को फायनल और ग्रैंड तंबोला का आयोजन है। डायरेक्टर आकांक्षा प्रीत, प्रीति शर्मा, अर्चना द्विवेदी, अन्यया मिश्रा सहित सहित शामिल रहे।

## 'तिया दा मेला' में पंजाबी परिधान में थिरकी महिलाएं




रायपुर। 'तिया दा मेला' अर्थात सावन उत्सव का महिलाओं द्वारा खूब लुत्फ उठाया गया। रामगढ़िया सेवक सभा के महिला विंग द्वारा यह आयोजन किया गया था। महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन टाटीबंध में बड़े ही हर्ष उल्लास से पंजाबी पारंपरिक वेशभूषा में फैशन वॉक, संगीत डांस और पकवान के साथ यह उत्सव मनाया गया। खास प्रस्तुति में पुरातन समय के मेहंदी-संगीत के कार्यक्रम को महिला विंग द्वारा स्टेज पर प्रस्तुत किया गया।

### याद किया बीता दौर

समाज के बड़ी उम्र के लोगों ने अपना वक्त याद किया और नई पीढ़ी को बीते वक्त से अवगत कराया गया। साथ शॉपिंग स्टॉल्स का भी सब ने आनंद लिया। स्टॉल्स में रोजमर्रा के लिए जरूरी वस्तुओं से लेकर त्योहार संबंधित वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। महिला विंग की हरशरण कौर, बलविंदर कौर, कुलदीप कौर, जसबीर भुई, कमलजीत कौर, संजीत कौर, बलजीत बच्चू, नरेंद्र कौर, प्रदीप कौर, रोमा विरदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



विश्व शतरंज दिवस : तीन साल में 100 से अधिक खिलाड़ी पहुंचे राष्ट्रीय स्पर्धा में

कार्नर न्यूज

# कोरोना के बाद बौद्धिक विकास के लिए बढ़ी शतरंज में दिलचस्पी, कम उम्र में ही बच्चे सीख रहे दांव-पेंच





रायपुर। दिमाग के खेल शतरंज को लेकर युवाओं में क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर में शतरंज एसोसिएशन से जुड़ी तीन अकादमी संचालित हैं, जिसमें हर साल शतरंज सीखने के लिए बच्चे से लेकर युवा बढ़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। एसोसिएशन के विनोद राठी ने बताया कि 2022 के बाद से प्रदेश में शतरंज को लेकर युवाओं में दिलचस्पी बढ़ी है। कोरोना के बाद से बच्चों का बौद्धिक विकास और एकाग्रता शक्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से भी युवा शतरंज के खेल से सीधा जुड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बीते तीन सालों में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल में प्रदेश का प्रतिनिधि किया है। लगातार विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 7 साल से लेकर 19 साल के खिलाड़ियों की टीम हिस्सा ले रही है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आधार पर छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन पड़ोसी राज्यों से अब बेहतर हुआ है। कम उम्र के बच्चे भी इसमें रुचि ले रहे हैं। अध्ययन के साथ-साथ वे इस खेल से जुड़े दांव-पेंच सीख रहे हैं।

### खेल बेहतर करने स्पेशल कोचिंग

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अब शतरंज एसोसिएशन एक महीने ही स्पेशल कोचिंग दे रहा है। एसोसिएशन के मुताबिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन को बेहतर करने यह पहल शुरू की गई है, जिससे अच्छा फायदा खिलाड़ियों को मिल रहा है। कोचिंग में शुरुआत के 1 से 2 मिनट में की चाल, प्यादे से लेकर हाथी, घोड़े और वजीर से चेक-मेट करने की रणनीति के बारे में भी बताया जाता है। खिलाड़ियों को खेल कम समय में खत्म करने का गणित सिखाया जा रहा है। प्रतियोगिता में उंगलियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खिलाड़ियों को बताया जा रहा कि विपक्षी टीम को अचंभित करने शुरुआत में किस तरह की चाल चलनी चाहिए।

### ऑनलाइन भी हो रही प्रतियोगिता

मनोवैज्ञानिक रूप से किसी किताब और फिल्म देखने से अधिक एकाग्रता और आत्म नियंत्रण शतरंज खेलने से आती है। शहर की तीन अकादमी में हर साल 50 से अधिक बच्चे व युवा शतरंज का खेल सीखने के लिए पहुंच रहे हैं। रोजाना एक से दो घंटे बच्चे शतरंज में बीता रहे हैं। शहर में 6 से अधिक प्राइवेट अकादमी भी है, जिसमें खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन भी शतरंज प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर से लोग खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता में भी छात्र बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

हेल्थ स्कैन


## बरसात में बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द, जानें वजह



क्या आपने कभी सोचा है की आखिर बारिश के मौसम में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ जाता है। आइए जानते हैं एक्सपर्ट से। बारिश का मौसम सुहावना जरूर होता है लेकिन जरूरी नहीं है कि हर किसी के लिए सुकून भरा हो, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए यह मौसम आफत बन जाता है। इस मौसम में खूब सारी समस्या होने लगती है। अक्सर जॉइंट पेन की शिकायत बढ़ जाती है। आइए जानते हैं कि आखिर बारिश के मौसम में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ जाता है? और यह समस्या किन लोगों को परेशान करती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष चौधरी इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

एक्सपर्ट बताते हैं कि मानसून के मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है। वातावरण में नमी का स्तर बढ़ जाता है इससे जॉइंट स्टिफ हो जाते हैं, खासकर समस्या उन लोगों होती है जिनकी हड्डियां कमजोर होती है। मौसम में ठंडापन होने के कारण लोग पानी का सेवन कम कर देते हैं,इससे फ्लूड की कमी हो जाती है। इसके कारण भी जोड़ों का दर्द बढ़ने लगता है।

एक्सपर्ट बताते हैं कि वायुमंडल में पाए



जाने वाले एयर प्रेशर को बैरोमेट्रिक दबाव कहा जाता है, मानसून में यह दबाव कम हो जाता है,तो शरीर के टिशू और मांसपेशियों में सूजन और दर्द बढ़ जाता है। कम तापमान के कारण टिशू ,मांसपेशियों जोड़ों में दर्द और ऐंठन हो सकता है। जिन लोगों को पहले कभी चोट लगी हो या गठिया की समस्या है उन्हें दर्द झेलना पड़ सकता है। इस दर्द से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है की आप इस मौसम में शारीरिक गतिविधि करते रहें और शरीर को हाइड्रेट रखें।

जोड़ों का दर्द बढ़ने के कई अन्य कारण भी जिम्मेदार हैं, जैसे-एटमॉस्फेयरिक प्रेशर में बदलाव, फिजिकल एक्टिविटी न करना, इंफेक्शन या अन्य बीमारियां, बारिश की वजह से कहीं फिसलकर गिरना और टेंप्रेचर में लगातार बदलाव होना शामिल हैं।

अगर मानसून की वजह से आपके जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है, तो इससे बचने के लिए आप कई तरह के उपाय अपना सकते हैं, जैसे- नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज करने से स्टिफनेस दूर होती है और हड्डियों की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। इस तरह जोड़ों से दर्द से छुटाकारा मिलने में मदद मिलती है। जिन लोगों के दर्द की शिकायत रहती है, उन्हें अपने वजन को संतुलित रखने की कोशिश करनी चाहिए। ध्यान रखें, वजन बढ़ने जोड़ों पर दबाव बनता है, जिससे दर्द बढ़ जाता है। खासकर, ऐसे एक्सरसाइज जरूर करें, जिससे जोड़ों की मूवमेंट में सुधार हो सके।

बैलेंस्ड डाइट भी जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। दरअसल, जब आप बैलेंस्ड डाइट लेते हैं, तो इसमें कई ऐसे फूड आइटम्स होते हैं, जिसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। इस तरह की डाइट सूजन को कम दर्द से राहत दिलाती है।

खुद को हाइड्रेट जरूर रखें। जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में हाइड्रेशन भी कारगर भूमिका निभाता है। वास्तव में, जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो इससे ज्वाइंट्स में लुब्रिकेशन बढ़ता है। इस तरह, जोड़ों का दर्द भी दूर होता है।



### मस्तिष्क का फिट रहना सबसे जरूरी, आहार में गड़बड़ी से बढ़ती हैं समस्याएं

# आप खुद ही तो नहीं पहुंचा रहे अपने 'मास्टर' को नुकसान, इन आदतों को तुरंत बदलिए

मस्तिष्क हमारे शरीर का 'मास्टर' हिस्सा है। शरीर के सभी कार्यों के संचालन, भावनात्मक नियंत्रण के साथ इसकी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप क्या सोचते हैं, क्या महसूस करते हैं, आप कैसे सीखते और चीजों को याद रखते हैं, आप कैसे चलते और बात करते हैं ये सभी चीजें मस्तिष्क द्वारा ही नियंत्रित और संचालित की जाती है। मसलन, मस्तिष्क को शरीर का सेंट्रल कंप्यूटर कहा जा सकता है जो शरीर के सभी कार्यों को नियंत्रित करता है। इससे स्पष्ट होता है कि शरीर को स्वस्थ रखने और बेहतर तरीके से काम करते रहने के लिए मस्तिष्क का फिट रहना सबसे जरूरी है। हालांकि हमारी दिनचर्या की कुछ खराब आदतों और आहार में गड़बड़ी के कारण मस्तिष्क से संबंधित कई तरह की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य विषयों पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 22 जुलाई को विश्व मस्तिष्क दिवस मनाया जाता है।



### मस्तिष्क विकारों का बढ़ता जोखिम

अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थाएं दुनियाभर में बढ़ती मस्तिष्क विकारों को लेकर काफी चिंतित हैं। विशेषज्ञ कहते हैं, जलवायु परिवर्तन, दिनचर्या में गड़बड़ी सहित कई कारक मस्तिष्क के लिए दिक्कतें बढ़ाती जा रही हैं। बढ़ते तापमान, प्रदूषण जैसी पर्यावरणीय और धूम्रपान, शारीरिक निष्क्रियता जैसी आदतों के कारण स्ट्रोक, माइग्रेन, मिर्गी, मल्टीपल स्केलेरोसिस, सिजोफ्रेनिया, अल्जाइमर रोग और पार्किंसंस जैसी दिक्कतें पहले के तुलना में काफी आम हो गई हैं। यहां तक कि कम उम्र के लोग भी अब इन रोगों के शिकार हो रहे हैं। आइए जानते हैं कि हमारी कौन सी आदतें मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा रही हैं जिनमें तुरंत सुधार किया जाना जरूरी है?

### बहुत ज्यादा बैठे रहना नुकसानदायक

जॉन्स हॉपकिंस की रिपोर्ट के मुताबिक औसत वयस्क प्रतिदिन साढ़े छह घंटे बैठा रहता है, और कुर्सी पर बैठे रहने का यह सारा समय मस्तिष्क पर बहुत बुरा असर डालता है। साल 2018 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि बहुत ज्यादा देर तक बैठे रहने की आदत मस्तिष्क के उस हिस्से में बदलाव का कारण बनती है जो याददाश्त के लिए जरूरी है। शोधकर्ताओं ने 45 से 75 वर्ष की आयु के कुछ प्रतिभागियों के एमआरआई में पाया कि ज्यादा बैठे रहने वाले लोगों के ब्रेन का मीडियल टेम्पोरल लोब (एमटीएल) काफी पतला हो गया था। एमटीएल मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो नई यादें बनाता है। इस बदलाव के कारण संज्ञानात्मक गिरावट और डिमेंशिया का जोखिम बढ़ सकता है।

### नींद पूरी नहीं होती है तो सावधान

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक रिपोर्ट में बताया दुनियाभर में एक तिहाई वयस्कों को रोजाना सात से आठ घंटे की नींद नहीं मिल पाती है। इससे संबंधित एक शोध में पाया गया कि जो लोग कम सोते हैं उनमें मस्तिष्क विकारों की समस्या अधिक देखी जाती है। इससे संज्ञानात्मक कौशल- जैसे कि याददाश्त, तर्क और समस्या के समाधान की ताकत भी कम हो जाती है। लंबे समय तक नींद पूरी न होने से कई मानसिक रोगों का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### गड़बड़ खान-पान का असर

आपका आहार भी मस्तिष्क के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिक चीनी का सेवन मस्तिष्क के स्मृति केंद्र हिप्पोकैम्पस को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। ब्रेड, बिस्किट और पैक्ड जूस जैसे अधिक चीनी वाले खाद्य और पेय पदार्थों से बचें। इसके अतिरिक्त, तले हुए खाद्य पदार्थों और शराब से भी मस्तिष्क की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। आहार में नमक की मात्रा अधिक होने से ब्लड प्रेशर बढ़ने और ब्रेन स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याओं का भी जोखिम रहता है।



## डेटा लीक होने का है खतरा तो जानें बचाव के तरीके

जब आप वॉट्सऐप पर किसी को लिंक भेजते हैं, तो रिसीवर संभावित तौर पर आपके आईपी एड्रेस को ट्रैक कर सकता है, जिससे आपकी गोपनीयता खतरे में पड़ सकती है।लेकिन चिंता न करें, वॉट्सऐप में ही एक इनबिल्ट सुविधा है, जो आपको अपनी सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। कॉल में आईपी एड्रेस छिपाएं नाम का यह सुविधा आपके आईपी एड्रेस को वॉयस और वीडियो कॉल के दौरान छुपाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आपकी ऑनलाइन गतिविधि निजी रहती है।

### वाट्सएप के उपयोग से डेटा लीक से बचने के तरीके

**लिंक प्रीव्यू डिसेबल करें:** व्हाट्सएप पर लिंक भेजते समय लिंक प्रीव्यू डिसेबल करने से वेबसाइट को आपका आईपी एड्रेस ट्रेस करने से रोका जा सकता है। लिंक भेजते समय उसे साधारण टेक्स्ट के रूप में भेजें। लिंक प्रीव्यू डिसेबल करने के लिए, लिंक के आगे स्पेस जोड़ें।

**वीपीएन का उपयोग करें:** वर्च्युअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल कर आप अपने आईपी एड्रेस को मास्क कर सकते हैं, जिससे वेबसाइट आपका असली आईपी एड्रेस नहीं देख पाएगी।


**लिंक शोर्टनिंग सर्विस का इस्तेमाल करें:** लिंक शोर्टनिंग सर्विस जैसे bit.ly, tinyurl का इस्तेमाल करके आप अपने लिंक को छोटा कर सकते हैं। इससे वेबसाइट को आपका असली आईपी एड्रेस ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।



**व्हाट्सएप वेब का इस्तेमाल करें:** व्हाट्सएप वेब का इस्तेमाल करते समय, आपका आईपी एड्रेस आपके कंप्यूटर के ब्राउजर से भेजा जाता है। अगर आप ब्राउजर के इंकॉग्निटो मोड का उपयोग करते हैं, तो यह आपके आईपी एड्रेस को छिपाने में मदद कर सकता है।

**व्हाट्सएप के लिंक प्रिव्यू को डिसेबल करने के लिए:** वॉट्सऐप पर आईपी एड्रेस को सुरक्षित रखने के लिए, 'प्रोटेक्ट आईपी एड्रेस इन कॉल' फ़ीचर का इस्तेमाल किया जा सकता है। सबसे पहले, व्हाट्सएप को अपडेट करें व्हाट्सएप खोलें और टॉप राइट कॉर्नर पर तीन डॉट पर क्लिक करें,सेटिंग्स पर टैप करें प्राइवेसी पर टैप करें, नीचे स्क्रॉल करें और 'एडवांस्ड' पर टैप करें, 'प्रोटेक्ट आईपी एड्रेस इन कॉल' के आगे बने टॉगल को इनेबल करें।

इस फीचर को इनेबल करने के बाद, कॉल सीधे कनेक्ट नहीं होंगी और दूसरे व्यक्ति को आपका आईपी पता नहीं दिखेगा। कॉल वॉट्सऐप के सर्वर के ज़रिए दूसरी व्यक्ति तक पहुंचेंगी, जिससे आपकी लोकेशन छिप जाएगी। इससे कोई भी आपकी प्राइवेसी में खलल नहीं डाल पाएगा।



## खाना है कुछ हल्का तो झटपट बनाएं काठियावाड़ी खिचड़ी, बटोरें तारीफ



हर भारतीय घर में खिचड़ी खाना हर कोई पसंद करता है। हम बात कर रहे हैं काठियावाड़ी खिचड़ी की, जिसका नाम सुनते ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। इसे बनाना ज्यादा मुश्किल नहीं है। इसे बनाते समय आप इसका स्वाद बढ़ाने के लिए कई तरीके की सब्जियों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसे आप गर्मागर्म परोस कर अपने घर वालों को खुश कर सकती हैं।

काठियावाड़ी खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले मूंग की दाल और चावल को अच्छे से साफ करके धो लें और पानी में भिगों दें। इसके बाद आलू, प्याज और टमाटर के छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब एक कुकर लेकर इसमें भिगोए हुए दाल-चावल डालें। साथ ही में आलू, मटर दाने, हल्दी और हल्का नमक डालें।

जितना दाल-चावल आपने लिया है उसका चार गुना पानी कुकर में डालकर इसमें तीन से चार सीटी लगने दें। जब ये पक जाए तो एक कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें जीरा, लहसुन के टुकड़े, अदरक कसा हुआ और हींग डालकर भूनें। अच्छे से मसाले भुन जाने के बाद प्याज और लहसुन डाल कर पकाएं। जब ये भी पक जाए तो इसमें कटे टमाटर, हरी मिर्च, गरम मसाला डालकर इसे भी अच्छे से ही पकाएं।

सभी सामानों के पक जाने के बाद इसमें थोड़ा पानी डालें। पानी में जब अच्छे से उबाल आ जाए तो इसमें पकी हुई खिचड़ी डाल दें। इस खिचड़ी को आपको दो से तीन मिनट के लिए अच्छे से पकाना है। जब ये पक जाए तो ऊपर से धनिया पत्ती डाल कर इसे गर्मागर्म ही परोसें। इसके साथ आप चटनी, अचार और पापड़ भी सर्व कर सकती हैं।

## बिजनेस के लिए सिंहमुखी और आपके निवास के लिए गोमुखी स्थान है शुभ

कई बार आपके जीवन में वास्तु दोष की वजह से भी कई तरह के नुकसान होने लगते हैं। ऐसा कहा जाता है कि आपको घर बनाने और बिजनेस करने के लिए कुछ विशिष्ट वास्तु नियमों का पालन करना चाहिए। ऐसे ही वास्तु आपको भवन निर्माण के लिए गौ मुखी और बिजनेस के लिए सिंह मुखी जमीन खरीदने की सलाह दी जाती है। आइए वास्तु एक्सपर्ट डॉ मधु कोटिया से जानें इन दोनों तरह की जमीनों से होने वाले फायदों के बारे में।

### व्यवसाय के लिए अच्छी है सिंहमुखी स्थान

सिंह मुखी जमीन की विशेषता यह है कि इसका अगला भाग चौड़ा और पीछे का हिस्सा संकरा होता है, दिखने में ये सिंह के मुख के सामान दिखाई देती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार सिंह मुखी जमीन बिजनेस के लिए अत्यंत अनुकूल होती है। आइए आपको बताते हैं व्यवसाय के लिए सिंह मुखी जमीन के फायदों के बारे में -




### बिजनेस में धन और समृद्धि को आकर्षित करता है सिंहमुखी स्थान

सिंह मुखी भूमि का चौड़ा अग्रभाग सकारात्मक ऊर्जा के अबाधित प्रवाह की अनुमति देता है, जो धन और समृद्धि को आकर्षित करने के लिए आवश्यक माना जाता है। यह ऊर्जा व्यवसाय के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद करती है।


इस स्थान का अग्रिम चौड़ा हिंसा किसी भी बिजनेस के लिए अच्छी दृश्यता प्रदान करता है, जिससे व्यवसाय के लिए अधिक ग्राहक आकर्षित होते हैं। इस बढ़ी हुई ग्राहक संख्या से बिजनेस में बिक्री हो सकती है और व्यापार में लगातार मुनाफा होता है।

## आपका पार्टनर रूठ जाए तो कुछ सिंपल ट्रिक्स से मना लें उसे, जिंदगी होगी खुशहाल

रिश्ते में प्यार के साथ-साथ थोड़ी बहुत तो नोंक-झोंक तो होती ही रहती है, क्योंकि रुठने-मनाने के इस सिलसिले से ही लोगों को यह अहसास होता है कि वे एक-दूसरे से कितना प्रेम करते हैं। साथ ही, इससे एक-दूसरे की अहमियत का भी अहसास होता है। इन्हीं छोटी-छोटी चीजों से कपल के बीच बॉन्डिंग भी अच्छी होती है। हालांकि, कई लोग थोड़े गुस्सैल नेचर के भी होते हैं।

### पार्टनर की परेशानी को शांति से सुलझाएं


उनकी समस्या को समझने के बाद आपको उनके लिए कोई समाधान ढूंढने पर फोकस करना चाहिए। दोनों मिलकर समस्या के समाधान की कोशिश करेंगे तो बिना किसी आरोप के अपनी दिक्कतों में सुधार कर पाएंगे। अगर आपका पार्टनर गुस्से में है, तो आप अपनी ओर से शांति का माहौल बनाए रखें। जल्दबाज़ी में कोई प्रतिक्रिया न दें। अपने



व्यवहार में संतुलन बनाए रखने से वातावरण में शांति बनी रहती है और समस्याओं को सुलझाने में भी मदद मिलती है।

### एक साथ बिताएं क्वालिटी टाइम

अपने पार्टनर के साथ समय बिताने का प्रयास करें और उनके पसंदीदा काम या मनोरंजन में उन्हें शामिल करें। ऐसा करने पर आपके पार्टनर को खुशी मिलेगी और वे आपके साथ खुशी से समय बिताएंगे। मौका और छुट्टी मिलने पर कहीं घूमने या डिनर आदि पर जरूर जाएं। इससे आपके पार्टनर का मूड डायवर्ट होगा और वे फ्रेश महसूस कर सकते हैं।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमसीयू में रूसो ब्रदर्स की वापसी की खबर से फैंस में हलचल

मार्वल के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रूसो बंधु यानी जो रूसो और एंथनी रूसो मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर सकते हैं।



दोनों साथ मिलकर 2014 में रिलीज हुई 'कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर', 2016 में आई 'कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर', 2018 में आई 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' और 2019 में आई 'एवेंजर्सः एंडगेम' का निर्देशन कर चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो और एंथनी से साल 2026 और 2027 में आने वाली दो एवेंजर्स फिल्मों को बनाने के सिलसिले में बातचीत चल रही है। हालांकि, रूसो बंधुओं की प्रोडक्शन कंपनी एजीबीओ की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह दोनों ही फिल्में जो और एंथनी की ही 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्सः एंडगेम' से जुड़ी होंगी।

दरअसल, 2023 में डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने 'कांग डायनेस्टी" छोड़ दी थी। इसके बाद मार्वल स्टूडियोज ने अपनी खोज शुरू की। पहला ऑफर निर्देशक शॉन लेवी को दिया गया, जिनकी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' 26 जुलाई को रिलीज होने वाली है। शॉन ने इसे करने से मना कर दिया था। मालूम हो कि इस बात को लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं है कि मार्वल द्वारा 'एवेंजर्स' के अगले भागों पर कब काम शुरू किया जाएगा। जो और एंथनी रूसो की आने वाली फिल्म की बात करें तो 'द इलेक्ट्रिक स्टेट' जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है। इसमें क्रिस प्रैट और मिली ब्राउन ने काम किया है।

### टॉलीवुड

## नोरा फतेही ने पूरी की रेट्रो सॉन्ग की शूटिंग, 'मटका' पर आया अपडेट

वरुण तेज की आगामी पीरियड एक्शन फिल्म 'मटका' को लेकर प्रशंसकों में उत्साह बरकरार है। इसी बीच इसके शूटिंग शेड्यूल पर बड़ा अपडेट सामने आया है।



निर्माताओं ने इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों को एक और बड़ी खुशखबरी सुनाई है। फिल्मांकन का एक चरण पूरा हो चुका है। साथ ही अगले शेड्यूल की भी जानकारी सामने आ गई है।

'मटका' के निर्माताओं ने फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर जारी किया है। इसमें एक महिला की छवि देखने को मिली है। साथ ही खुलासा किया गया है कि महत्वपूर्ण विंटेज शेड्यूल पूरा हो चुका है। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, 'मटका आरएफशी शेड्यूल पूरा हो गया। टीम ने आरएफसी में लंबा और महत्वपूर्ण शेड्यूल पूरा कर लिया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण दृश्य, हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और विद्युत रेट्रो-थीम वाले गाने शूट किए गए। नया शेड्यूल वर्तमान में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अधिक रोमांचक अपडेट जल्द ही लोड हो रहे हैं।' रिपोर्ट की मानें तो पोस्टर में नजर आ रहीं महिला कोई और नहीं बल्कि अभिनेत्री नोरा फतेही हैं, जो तेलुगु फिल्म का हिस्सा भी हैं। जानकारी के अनुसार, उन्होंने हाल ही में एक रेट्रो गाने की शूटिंग की है। निर्माताओं ने यह भी घोषणा की है कि 'मटका' का नया शेड्यूल फिलहाल विजाग में चल रहा है। वरुण तेज फिल्म में अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जिसके लिए उन्हें अलग-अलग मेकओवर से गुजरना होगा क्योंकि कहानी 1958 से 1982 तक तक फैली हुई है।

मनोरंजक फिल्म 'मटका' का निर्देशन करुणा कुमार ने किया है। साथ ही यह व्यारा एंटरटेनमेंट्स और एसआरटी एंटरटेनमेंट के बैनर के तहत डॉ. विजेंदर रेड्डी टीगाला और रजनी थल्लूरी द्वारा निर्मित है।

### भोजपुरी

## 'ननद भौजाई' में पति की बहनों ने किया काजल का जीना हराम

भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय सितारे काजल राघवानी और जय यादव की पारिवारिक फिल्म 'ननद भौजाई' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है।



यह ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है और दर्शकों के बीच उत्साह का माहौल पैदा कर रहा है। ट्रेलर 'इंटर 10 रंगीला' के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जो आने के बाद से वायरल भी हो रहा है। फिल्म की निर्माता मोनिका सिंह, महेश उपाध्याय, विनय सिंह और निर्देशक मंजुल ठाकुर हैं।

'ननद भौजाई' एक पारिवारिक ड्रामा है, जो 3 बहन और भौजाई के रिश्तों, संघर्षों और भावनाओं की गहराइयों को छूती है। फिल्म में काजल राघवानी और जय यादव ने अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है, जो दर्शकों को पूरी तरह से बांधे रखने में सक्षम है। फिल्म की कहानी ननद और भौजाई के बीच के रिश्ते पर केंद्रित है, जिसमें परिवार के महत्व और आपसी समझ का संदेश दिया गया है। काजल इस फिल्म के ट्रेलर में केन्द्रित नज़र आई हैं। कहानी के साथ संवाद भी मजबूत नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में काजल राघवानी और जय यादव की शानदार केमिस्ट्री को देखा जा सकता है। दोनों ही कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में जान डाल दी है। ट्रेलर में दिखाए गए सीन और डायलॉग्स दर्शकों को हंसाने और रुलाने दोनों के लिए तैयार हैं।

## हवा-हवाई फैशन

चैनल हाउते कॉउचर के लिए प्रख्यात डिजाइनर कार्ल लेगरफेल्ड ने विमान के अंदर अपना शो किया। इलेक्ट्रॉनिक नंबरिंग वाली आरामदायक सीटें, असली खिड़कियां, और आकर्षक फ्लाइट अटेंडेंट जो मेहमानों को या कहें कि यात्रियों को शैंपेन परोसते हैं। सभी कपड़े आसमान का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। आसमानी नीले से लेकर रात के अंधेरे तक; कपड़ों की बनावट क्लासिक बुकेल ट्वीड से बदलकर ग्लिटर-थ्रेडेड डेनिम में बदल गई जो तारों वाले आकाश का सुझाव देती है।



लाइफ स्टाइल

## सॉफ्ट स्किन के लिए ऐसे तैयार करें गुलाब फेस

सॉफ्ट स्किन पाने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इसकी जगह आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल कर सकती हैं। गुलाब की पंखुड़ियां इस्तेमाल कर आप घर पर फेस पैक तैयार कर सकती हैं और अपनी स्किन पर अप्लाई कर सकती हैं।

इसके लिए पहले आपको पंखुड़ियों को अच्छे से साफ करना होगा। फिर इन्हें मिक्सी में पीसकर इनका पेस्ट बनाना होगा। अब इन्हें एक कटोरी में निकाल लें। इसके बाद इसमें दूध और गुलाब जल को एड करें। अब इसे दोबारा मिक्सी में मिलाएं और पेस्ट बनाएं। मिक्सी में अच्छे से पीसने के बाद इसे एक कटोरी में निकालें। फिर इसे फेस पर अप्लाई करें। इस बात का ध्यान रखें की आंखों पर ये न लगे। इसके बाद इसे 15-20 मिनट के लिए चेहरे पर लगा रहने दें। अब नॉर्मल पानी से चेहरे (जंवा त्वचा के लिए फेस पैक) को धोकर साफ कर लें। फिर टॉवल से चेहरे साफ करें। इसके बाद मॉइश्चराइजर लगाएं। आपकी स्किन सॉफ्ट हो जाएगी। इसे आप हफ्ते में 2 बार ट्राई कर सकती हैं।



## सनग्लास की आदत है तो फेसकट के मुताबिक चुनें

फैशन




मौसम चाहे बारिश का हो या गर्मी का। बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें सनग्लास की आदत बारहों महीने रहती है। कई बार ऐसा होता है कि हम बिना सोचे समझे चश्मा खरीद लेते हैं। इसके बाद जब हम उन्हें वियर करते हैं तो वो फेस के हिसाब से बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में हमारे लुक के साथ-साथ मूड भी बिल्कुल खराब हो जाता है। इसलिए चश्मा इस्तेमाल करते समय हमेशा अपने चेहरे का ध्यान जरूर रखें।

### कैट आई सनग्लासेस



मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के सनग्लासेस मिलेगें। लेकिन आपको वही खरीदना चाहिए, जो आपके फेस कट पर अच्छा लगे। ऐसे में आप लंबे फेस के लिए कैट आई सनग्लासेस खरीद सकती हैं। ये लंबे फेस वाले लोगों पर काफी अच्छा लगता है। आजकल काफी ट्रेंड में भी है इसमें आपको पतले फ्रेम वाला चश्मा भी मिल जाएगा। इसी के साथ आप चाहे तो चौड़े फ्रेम वाला सनग्लासेस भी खरीद सकती हैं।



### राउंड सनग्लासेस

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें फंकी लुक क्रिएट करना पसंद होता है अगर आप भी इस तरीके के लुक को पसंद करती हैं और आपका फेस कट लंबा है तो इसके लिए आप राउंड सनग्लासेस (सनग्लासेस फॉर फेस) ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के चश्मे भी काफी अच्छे लगते हैं। आप इन्हें ट्रिप पर जाते समय या फिर डे आउटिंग पर वियर कर सकती हैं।

### स्क्वायर शेप सनग्लासेस

अगर आपको सिंपल चीजें पसंद है तो आप स्क्वेयर शेप वाले सनग्लासेस को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के चश्मे (गोल चेहरे के लिए सनग्लासेस) लंबे फेस वाली महिलाओं पर काफी अच्छे लगते हैं। आप चाहे तो इस डिजाइन में आई साइट का चश्मा भी बनवा सकती हैं। इसमें भी आपको कई सारे अलग-अलग तरह के चश्में मिल जाते हैं। जिन्हें आप डेली वियर में खरीद सकती हैं। लंबे फेस पर ऐसे ही चश्मे सबसे ज्यादा अच्छे लगते हैं इसलिए आपको भी इन्हें खरीदकर एक बार जरूर ट्राई करना चाहिए।

## माथा पट्टी के साथ ट्राई करें इन हेयर स्टाइल को

जब भी कोई फंक्शन होता है तो हम अलग-अलग तरह के आउटफिट, मेकअप और हेयर स्टाइल ट्राई करते हैं। लेकिन जब मामला किसी फंक्शन का हो तो इसके लिए हम कुछ नया ट्राई करने की कोशिश करते हैं। अगर आप भी खास दिन पर सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप माथा पट्टी के साथ इस हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

माथा पट्टी के साथ आप हाफ अप-हाफ डाउन हेयर स्टाइल बनाने के लिए सबसे पहले आपको बालों को कॉम्ब करना है। इसके बाद इन्हें कर्ल करना है। फिर आगे के बाल लेकर इनमें पफ क्रिएट करना है और माथे से लेकर पफ को कवर करके माथा पट्टी को लगाना है। अब जो बाल बचे हैं उनमें हैवी कर्ल क्रिएट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा। ऐसे हेयर स्टाइल गाउन के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

अगर आपने भी ऐसे आउटफिट अपने लिए खरीद लिए हैं तो ऐसे में आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल (क्लासी लुक के लिए हेयर स्टाइल) ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको मेसी बन, ट्विस्टेड बन और स्लीक बन का ऑप्शन



मिलेगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको बालों को कॉम्ब करना है। इसके बाद साइड की मांग निकालनी हैं। अब आपको आगे की तरफ माथा पट्टी को सेट करना है। फिर पीछे के बालों को इकट्ठा करना है और एक बन बनाना है। इसके लिए आप मैसी बन भी बना सकती हैं वो भी काफी अच्छा लगता है। फिर इसे सिंपल एक्सेसरीज के साथ सेट करना है। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा।


## काली गर्दन को मिनटों में चमकाएंगे मसूर की दाल के होममेड पैक्स से

हालांकि, जरूरी नहीं है कि गर्दन का कालापन की वजह बीमारी ही हो...रोजाना बाहर जाने और धूप की वजह से भी गर्दन के कालेपन की समस्या बढ़ सकती है। अगर ऐसा है तो गर्दन का कालापन घरेलू चीजों से आसानी से कम किया जा सकता है। जी हां, कालापन कम करने के लिए मसूर की दाल के पैक्स आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

एक बाउल में 2 चम्मच- दाल का पाउडर, 2 चुटकी भर हल्दी, 1 चम्मच दही, नींबू की 2-3 बूंद, 3-4 चम्मच दूध डालें। अब सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसका गाढ़ा पेस्ट बना लें। बस आपका मसूर की दाल का पैक तैयार है। इस पेस्ट को अपनी गर्दन पर अच्छी तरह से लगा लें। 30 मिनट तक गर्दन पर लगा रहने दें। फिर पानी से गर्दन को धो लें। इस पैक का इस्तेमाल हफ्ते में 2 बार करें।

### इन बातों का रखें ध्यान

पैक लगाते वक्त गर्दन को बहुत जोर से रगड़ें नहीं, क्योंकि अगर आप ऐसा करते हैं, तो स्किन छिल भी सकती है। अगर आपकी त्वचा पर घाव है, तो उसे



पूरी तरह से ठीक होने का इंतजार करें। कभी भी इस मिश्रण को लगाने बाद पूरी तरह से सूखने न दें और बालों में इस मिश्रण को न लगने दें। ध्यान रखें कि ये एरिया कवर्ड हो और सनस्क्रीन हमेशा लगाएं। इसका इस्तेमाल करने से पहले गर्दन काली होने की वजह जान लें।

कार्नर न्यूज

कलर कंट्रास्ट को ध्यान में रखकर डिजाइन और स्टाइलिंग चुनें, लोग करेंगे तारीफ

## सावन में आपके ऊपर खूब खिलेंगे हरे रंग के सलवार-सूट, चुनें अपनी स्टाइल

*बदलते दौर में आजकल आपको सूट के रेडीमेड से लेकर फैब्रिक तक में कई तरह के डिजाइन और पैटर्न आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इसे बॉडी टाइप को ध्यान में रखकर ही स्टाइल किया जाना चाहिए ताकि आपका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। किसी पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर फैंसी सूट के डिजाइंस ही पहनना पसंद करते हैं।*

*सावन के मौके पर खासकर हम हरे रंग के सूट को पहनना पसंद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं हरे रंग के फैंसी सलवार-सूट के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स में जान डालने के आसान टिप्स-*



**कलीदार सलवार सूट**

प्लेन फैब्रिक की मदद से आप सिंपल से सूट को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। इस तरह के सूट की लेंथ आप फ्लोर तक रखवा सकती हैं। हैवी वर्क वाले दुपट्टे के साथ में लुक को आकर्षक बनाने का काम कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आप चाहे तो घेरे में लेस की मदद से स्टाइलिश डिजाइन बनवा सकती हैं।

### सिल्क सूट डिजाइन

सिल्क सूट एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहते हैं। ग्रीन कलर में आपको कई सारे डिजाइन के बनारसी सिल्क सूट मार्केट में फैब्रिक या रेडीमेड डिजाइन में देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको रेड-ग्रीन, ग्रीन-येलो, ग्रीन-गोल्डन जैसे कई कलर कॉम्बिनेशन देखने को मिल जाएंगे। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप गोल्डन झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं।

### पाकिस्तानी स्टाइल सूट

हैवी वर्क वाले सलवार-सूट में आजकल पाकिस्तानी स्टाइल घेरेदार सूट को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के सलवार-सूट में आपको ज्यादातर गोटा-पट्टी वर्क वाले काफी फैंसी पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। इसके सलवार के पोंचे में भी कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के लुक के साथ में आप नेट के दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं।